दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 14 | अंक : 300 | जयपुर | बुधवार, 04 सितम्बर, 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## हरियाणा में मिलकर चुनाव लड़ सकती हैं कांग्रेस-आप

### राहुल ने गठबंधन के लिए 4 मेंबर की कमेटी बनाई; चंडीगढ़ में इसी फॉर्मूले से निगम-लोकसभा जीते

बढ़ता राजस्थान

**पानीपत ( एजेंसी )।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में गठबंधन हो सकता है। दोनों ही पार्टियां चंडीगढ़ मेयर और लोकसभा चुनाव में साथ आने का फॉर्मूला दोहराना चाहती हैं। कांग्रेस-आप ने चंडीगढ़ में नगर निगम और लोकसभा चुनाव जीता था।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसकी पहल राहुल गांधी ने की है। सोमवार शाम को हुई केंद्रीय चुनाव समिति की मीटिंग में राहुल गांधी ने हरियाणा के नेताओं से इस बारे में पूछा। पार्टी ने गठबंधन के लिए केसी वेणुगोपाल के नेतृत्व में दीपक बाबरिया, अजय माकन और भूपेंद्र हुड्डा की कमेटी बनाई है। राज्य में दोनों पार्टियों ने लोकसभा चुनाव में गठबंधन किया था। राज्य की कुल 10 सीटों में से कांग्रेस ने 9 और आप ने 1 सीट पर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस 5 सीटें जीतीं, लेकिन आप कुरूक्षेत्र सीट हार गई थी।

#### राहुल ने हरियाणा के नेताओं से पूछा- गठबंधन संभव है या नहीं

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, चुनाव समिति की मीटिंग में राहुल गांधी ने नेताओं से पूछा कि क्या हमें हरियाणा में आम आदमी पार्टी से गठबंधन करना चाहिए? साथ ही पूछा कि गठबंधन संभव है या नहीं और अगर हुआ तो इसके फायदे-नुकसान क्या होंगे, इसके बारे में रिपोर्ट मांगी है। माना जा रहा है कि गठबंधन हुआ तो सीट बंटवारे को लेकर लोकसभा चुनाव वाला फॉर्मूला ही अपनाया जा सकता है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले में पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अगर गठबंधन होता है तो आप को केवल 3-4 सीटें दे सकते हैं, मगर आप इससे ज्यादा मांग रही है, इसलिए गठबंधन मुश्किल है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि गठबंधन हो सकता है। इसके लिए आप और इंडिया के सहयोगी बाकी दलों के साथ बातचीत चल रही है। हम हरियाणा में वोटों का ध्रुवीकरण और भाजपा को रोकना चाहते हैं।



#### भाजपा बोली- कांग्रेस को हार दिख गई

भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस को पता लग गया है कि वह हरियाणा नहीं जीत सकती। इसलिए आखिरी वक्त में कुछ उपाय कर रही है। आप से गठबंधन की बात कर रही है, लेकिन प्रदेश की जनता भाजपा के साथ है। कांग्रेस जो मर्जी कर ले, किसी से गठबंधन कर ले, भाजपा ही आएगी।

## मिस्ड कॉल से सीएम ने ली सदस्यता

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले- विरोध होता है, लेकिन दुश्मन नहीं बनाना : जो आज हमारा विरोधी, कल समर्थक बने



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश में मंगलवार को बीजेपी का सदस्यता अभियान शुरू हुआ। सीएम भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बीजेपी प्रदेश कार्यालय में अभियान को लॉन्च किया। सीएम भजनलाल ने मिस्ड कॉल के जरिए भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भजनलाल शर्मा को सदस्यता का कार्ड सौंपा। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष ने बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा- विरोध होता है, लेकिन दुश्मन नहीं बनाना है। राजनीति में कई बार तकरार भी होती है। लेकिन, उस तकरार को तर्क शक्ति तक सीमित रखें। उसको दुश्मन बनाने की कतई कोशिश नहीं करें। उन्होंने कहा- अगले को भी यह आज नहीं तो कल समझ आएगा। आज जो लोग हमसे जुड़ रहे हैं, वे राजनीतिक कारणों से नहीं जुड़ रहे हैं। उनकी समझ में आ रहा है कि यह पार्टी अलग है। यह पार्टी देश का विकास करना चाहती है।

#### जो आज हमारा विरोधी है, कल हमारा समर्थक बने

मदन राठौड़ ने कहा- दीनदयाल उपाध्याय जी ने एक बात कही थी, जो आज हमारा विरोधी है आप प्रयास करें कि कल वह हमारा समर्थक बने। आज हमारा जो समर्थक है। यह प्रयास करें कि कल वह हमारा मतदाता बने। आज हमारा मतदाता है। आप यह प्रयास करें। अपने व्यवहार से ऐसी संस्कृति पैदा करें। इस प्रकार का संपर्क बनाएं कि कल हमारा कार्यकर्ता बने। इसी भाव को लेकर हम जाएंगे तो हमें सफलता मिलेगी ।

राठौड़ ने कहा- दीनदयाल उपाध्याय ने एक बात कही थी। आप सदस्यता अभियान के लिए जाएंगे तो किसी को छोड़ना नहीं है। हर घर तक संपर्क करना है। कोई न कहे तो भी चिंता की बात नहीं, लेकिन हमें उससे संपर्क जरूर करना है। जब आप उससे संपर्क करेंगे, तभी कुछ लोग मानेंगे। कुछ नहीं मानेंगे। जो नहीं मानें, उनसे उलझना नहीं है। किसी से उलझने की कोशिश नहीं करें। उन्हें केवल हमारी रीति-नीति और हमारा दृष्टिकोण समझने की कोशिश करें। यह हमारी पार्टी विद डिफरेंस है। हमारी पार्टी अलग पार्टियों से कैसे अलग है, यह बताने की कोशिश करें।

#### सीएम बोले- अन्य राजनीतिक दल एक दूसरे को नीचा दिखाने का काम करते हैं

सीएम भजनलाल ने कहा- हम सबका साथ, सबका विकास के ध्येय को साथ लेकर चलते हैं। अन्य राजनीतिक दल राजनीति करते हैं। एक दूसरे को नीचा दिखाने का काम करते हैं। देश और प्रदेश की जनता को भाजपा के कार्यकर्ताओं पर विश्वास है। यह सदस्यता अभियान उन लोगों के लिए है, जिनके पास अभी तक हम नहीं गए हैं। उन लोगों के पास जाना है, पार्टी की रीति-नीति को बताना है। उन्हें 2014 के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के किए गए कामों से अवगत कराना है।

#### सीएम ने बढ़ाया सदस्यता अभियान का लक्ष्य

बीजेपी ने सदस्यता अभियान के तहत एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था। लेकिन, आज सीएम भजनलाल ने इस लक्ष्य को बढ़ाकर सवा करोड़ कर दिया। सीएम ने कहा- हमारे राजस्थान में सवाया चलता है।

# राजस्थान के 6 जिलों में तेज बारिश, बिजली गिरने से 3 की मौत

### उदयपुर में नदी में गाड़ी सहित बहा टीचर, उदयसागर के गेट खोले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में सितंबर में भी तेज बारिश का दौर जारी है। मंगलवार शाम जयपुर, अजमेर, पाली, सीकर और बांसवाड़ा के कई इलाकों में तेज बरसात हुई। वहीं, उदयपुर और आसपास के इलाकों में सुबह तेज बारिश हुई। इस कारण शहर में कई जगह पानी भर गया। तेज बारिश के कारण पिछोला झील पूरी भर गई है। प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है कि किसी भी वक्त स्वरूप सागर के गेट खोले जा सकते हैं। वहीं, उदयसागर के गेट 4 फीट तक खोले गए हैं। जिले के पानेर में एक महिला की भी बिजली गिरने से मौत हो गई। नागौर में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। एक महिला झुलस गई। वहीं, धौलपुर में दो युवक नदी में डूब गए। उनकी तलाश की जा रही है। बांसवाड़ा में शाम 4.30 बजे माही बजाज सागर बांध के 4 गेट खोले गए। बांध के कैचमेंट एरिया में राजस्थान और मध्य प्रदेश में हुई बारिश से पानी की लगातार आवक हो रही है।

चारों गेट एक-एक मीटर खोलकर 25 हजार क्यूसेक पानी माही नदी में छोड़ा जा रहा है। आज राजस्थान के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट है। साथ ही मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राजस्थान में 6 सितंबर तक हल्की से मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

#### नागौर में बिजली गिरने से दो की मौत, महिला झुलसी

नागौर के डेगाना में मंगलवार शाम करीब 5 बजे खेत में आकाशीय बिजली गिरने से 30 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। एक महिला झुलस गई। शव को डेगाना उपजिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। वहीं, मेड़ता में बिजली गिरने से ओमप्रकाश (45) नाम के शख्स की मौत हो गई। वह मजदूरी करने पास ही के मोररा गांव से मेड़ता आया था। यहां शाम के वक्त खेत में काम कर रहा था, तभी बारिश के दौरान अचानक बिजली गिरी।ओमप्रकाश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

#### पार्वती नदी में नहाने गए दो युवक डूबे

धौलपुर में पार्वती नदी में नहाने गए दो युवक डूब गए। घटनास्थल पर पहुंची कौलारी और मनियां थाना पुलिस ने रेस्क्यू टीम को सूचना देकर मौके पर बुलाया है। हादसा धौलपुर के कौलारी थाना क्षेत्र स्थित सखवारा रपट पर मंगलवार को हुआ। कौलारी थाना प्रभारी भंवर सिंह कर्दम ने बताया कि कौलारी के रहने वाले दो युवक योगेश (22) पुत्र शिव सिंह और दिलीप (22) पुत्र गजाधर सखवारा के पास पार्वती नदी में नहाने के लिए आए थे। नहाते वक्त वे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। फिलहाल स्थानीय लोग अपने स्तर पर रेस्क्यू कर दोनों युवक की तलाश कर रहे हैं। सिविल डिफेंस के साथ गोताखोरों की टीम को मौके पर बुलाया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- मानसून की ट्रफ लाइन अभी जैसलमेर, रायसेन, छिंदवाड़ा होकर बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।



## राजस्थान के सबसे बड़े बांध के 4 गेट खोले

### माही बजाज सागर से 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा

**बांसवाड़ा।**

राजस्थान के सबसे बड़े (लंबाई में) बांध माही बजाज सागर के 4 गेट खोले गए। बांध से 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। गेट खोलने से एक घंटा पहले मंगलवार दोपहर 3 बजे सायरन बजाकर अलर्ट किया गया। शाम 4.26 बजे गेट खोले गए।

एईएन पीयूष पाटीदार ने बताया कि बांसवाड़ा जिले के माही डैम के1,2,15 और 16 नंबर के गेट को 1-1 मीटर खोला गया है। सबसे पहले 1 नंबर गेट खुला, इसके बाद 16 नंबर, फिर 2 और 15 नंबर गेट खोला गया। डैम के ऊपर बने कंट्रोल पैनल रूम में 4 अधिकारियों ने एक साथ बटन दबाकर गेट खोले। एईएन ने बताया कि गेट खोले जाने से पहले माही डैम के ऊपर बने माही माता मंदिर में पूजा की गई। माता का आशीर्वाद हर बार गेट खोलने से पहले लिया जाता है।

#### 5 किमी तक सुनाई दी सायरन की आवाज

माही परियोजना के एक्सईएन प्रकाश चंद्र रैगर ने बताया कि डैम के गेट खोलने से पहले सायरन बजाना जरूरी होता है। एक सायरन माही डैम पर है। दूसरा 60 किलोमीटर दूर बेणेश्वर के संगम पर है और तीसरा 35 किलोमीटर दूर पीपलखूंट में है। सभी का कंट्रोल माही डैम से ही है। तीनों जगह के सायरन के बटन यहीं से दबाए गए थे। पहला साइरन माही डैम पर 3 बजे बजाया गया था। इसके बाद 3.30 बजे और फिर 3.45 बजे सायरन बजाया गया था। फाइनल सायरन 4.10 बजे बजाया गया था। बाकी दो सायरन बेणेश्वर और पीपलखूंट इलाके में नदी के किनारे पर हैं। सायरन लोगों को अलर्ट करने के लिए बजाया जाता है। ताकि वे नदी के बहाव क्षेत्र से दूर हो जाएं। साइरन की आवाज 5 किमी क्षेत्र तक सुनाई देती है।

#### अच्छी बारिश के कारण पानी की आवक

बांसवाड़ा और उदयपुर संभाग के सबसे बड़े माही बजाज सागर बांध का जलस्तर 280.40 आरएल मीटर तक पहुंच चुका है। इसकी भराव क्षमता 281.50 आरएल मीटर है। बांध में बारिश के साथ मध्य प्रदेश से पानी की आवक लगातार जारी है। इसी पानी को रिलीज किया जा रहा है। बांध में 1000 क्यूसेक पानी की लगातार आवक हो रही है। ऐसे में जल संसाधन विभाग, राजस्थान माही बांध परियोजना ने गेट खोलने का फैसला किया। गेट खोलने को लेकर प्रशासन की ओर से लोगों को अलर्ट किया गया है। उनको नदी के आस-पास नहीं आने की चेतावनी दी गई है।

## मणिपुर में लगातार दूसरे दिन ड्रोन अटैक : कुकी उग्रवादियों ने मैतेई इलाके में बम गिराए, 2 घायल; राज्य सरकार ने हाई लेवल कमेटी गठित की

बढ़ता राजस्थान

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर में इंफाल जिले के सेजम चिरांग गांव में सोमवार (3 सितंबर) की शाम उग्रवादियों ने ड्रोन अटैक किए। जिसमें में एक महिला समेत 3 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दो दिन में दूसरा ड्रोन अटैक है।

सोमवार शाम करीब 6.20 बजे सेजम चिरांग के रिहायशी इलाके में ड्रोन से 3 विस्फोटक गिराए, जो छत को तोड़ते हुए घरों के अंदर फटे। उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटी से गोलीबारी भी की। जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की।

सेजम चिरांग गांव, कोत्रुक से करीब 3 किमी दूर है, जहां रविवार 1 सितंबर को ड्रोन हमले और गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई थी और 9 लोग घायल भी हुए थे। ये आशंका जताई जा रही है कि कुकी उग्रवादियों को ड्रोन वॉरफेयर के लिए म्यांमार से टेक्निकल सपोर्ट और ट्रेनिंग मिल रही है, या वे सीधे तौर पर इसमें शामिल हैं।



मणिपुर सरकार ने इन ड्रोन अटैक की जांच करने के लिए हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी की अगुआई एडिशनल छ्ह्लक्क आशुतोष कुमार सिन्हा करेंगे। कमेटी के अन्य सदस्यों में मेजन जनरल एसएस कार्तिकेय, मेजर जनरल रवरूप सिंह और दो अन्य हाई रैंकिंग अधिकारी विपुल कुमार और जेके बिरदी शामिल हैं।

#### 2 बम घरों पर गिरे, तीसरा नदी किनारे फटा


ड्रोन से पहला बम सेजम चिरांग गांव के मानिंग लीकाई में 65 साल के वाथम गंभीर के घर की छत पर बम गिरा, दूसरा बम उसके घर के बगल वाली गली में गिरा, जबकि तीसरा बम नदी के किनारे फटा। वाथम गंभीर की बेटी सनातोम्बी (23) के पेट में छर्रे लगे। उसे तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। सनातोम्बी को शिजा अस्पताल रेफर कर दिया गया। गंभीर के छोटे भाई जोतिन (56) को भी विस्फोट में कंधे पर मामूली चोट लगी।

#### पुलिस को तलाशी में गोला-बारूद मिला

मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि तलाशी अभियान के दौरान कांगपोकपी जिले के खारम वैफेई गांव के पास से एक ड्रोन बरामद किया है। कांगपोकपी जिले के कांगचुप पोनलेन में सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान के दौरान हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। इनमें दस 12 इंच की सिंगल-बोर बैरल राइफलें, एक इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, नौ इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार बैरल, 20 जिलेटिन रॉड, 30 डेटोनेटर, दो देशी रॉकेट जब्त किए गए।

राजेश साहू
मो. 9887391627
7737247016

श्री नाथ पावभाजी



हमारे यहां शादी पार्टियों के आर्डन बुक किए जाते हैं।
पावनभाजी, चाऊमीन
भैलपुरी, मसालाडोसा
छोले बटूरे

जवाहर सर्किल, जयपुर

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# जैविक खेती ने बदली दो दोस्तों की किस्मत

## कॉरपोरेट नौकरी छोड़ कर खेती में आजमाया हाथ, जैविक खेती से टर्नओवर पहुंचा 4 करोड़ पार

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** युवा अब नौकरी नही बल्कि इनोवेशन से अपनी किस्मत बदल रहे है ।एमबीए कर चुके नीतीश यादव एक निजी कॉरपोरेट कम्पनी में काम कर रहे थे लेकिन उन्होंने अपने लिए एक अलग रास्ता चुना ये रास्ता कॉर्पोरेट कंपनियों से होता हुआ खेतों में जा पहुंचा। बायोटेक केमिस्ट्री कर चुके उनके दोस्त लेखराम यादव ने भी उनका बखूबी साथ दिया। दोनो दोस्तो ने 2019 में अपनी कॉरपोरेट नौकरीयां छोड़ कर कोटपुतली में अपनी पुश्तैनी जमीन पर जैविक खेती में हाथ आजमाया और देखते ही देखते इनका टर्नओवर 4 करोड़ पार पहुँच गया। कोटपुतली के नीतीश यादव खेती में नवाचार कर खेतों की सूरत बदल रहे वे केमिकल मुक्त खेती की मुहिम में जुटे हुए हैं। अपने दोस्त लेखराम यादव के साथ मिल कर जैविक खेती के लिए दूसरे किसानों को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। इन्हें देख कर कई किसानों ने जैविक दवाइयां घर पर ही तैयार की और अपने खेतों में उपयोग कर रहे हैं।

कोटपुतली के गांव गोरधनपुरा निवासी नीतिश यादव व लेखराम यादव ने नौकरी छोड़ कर 2019 में खेती व प्रकृति के प्रति प्रेम को देखते हुए पंच महाभूत आधारित तकनीक से जैविक खेती करना शुरू किया। कोरोना जैसी विषम परिस्थिति में भी दोनों दोस्तों ने 100 एकड़ फार्म पर नींबू, मौसमी, आयुर्वेद व इमारती लकड़ियों के पेड़ लगाए। इसके बाद उन्होंने कोटपूतली फार्म को मॉडल फार्म बनाने के लक्ष्य से साहीवाल नस्ल देशी गाय का वैदिक विधि से घी, पनीर, वर्मीकंपोस्ट, गाय के गोबर से हवन कंडे, 56 भोग वाटिका, एग्रोटुरिज्म स्टे प्रोग्राम, लो आरपीएम से आटा, तेल, मसाला यूनिट भी तैयार की ।साथ ही प्लांट बेस्ड पाउडर को प्रोसेस कर के सेल भी करते हैं ।किसानों को जैविक खेती ट्रेनिंग प्रोग्राम,फलदार पौधों की नर्सरी भी करते हैं ।इतना ही नहीं कृषि महाविद्यालय से जुड़े विद्यार्थी भी रोजाना फार्म हाऊस में जाकर नवाचार देखते हैं। देखते ही देखते इनका सालाना टर्नओवर 4 करोड़ से ऊपर पहुंच गया ।उनके फार्म पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने भी विजिट किया और उनके इनोवेटिव काम की तारीफ की ।नीतीश ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने दादा स्व. चिरंजीलाल को दिया।



# तीर्थराज प्रयाग संगम में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अयोध्या धाम में वृंदावन निवासी श्री श्री 1008 श्री रामजी बाबा कोकिल जी महाराज के श्रीमुख से आयोजित होने वाली श्रीराम कथा के विशाल आयोजन के लिए जयपुर से रवाना हुए यात्रियों के समूह द्वारा तीर्थराज प्रयाग संगम में सामूहिक रूप से डुबकी लगाई एवम् पुण्य लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात् सभी श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचकर राष्ट्रीय संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री रामभद्राचार्य जी के आश्रम में दर्शन किए तथा अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धापूर्वक नमन किया। सभी श्रद्धालुओं द्वारा श्री आर के अग्रवाल के नेतृत्व में रामावतार माहेश्वरी, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, बनवारी लाल विजय, अरुण आहूजा, जे एन मीना, डी एन शर्मा, श्याम सिंह चाहर, श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, गायत्री माहेश्वरी, विमला अग्रवाल, कमला अग्रवाल, पुष्पा विजय, संतोष कंवर शेखावत, अनिता आहूजा, जानकी मीना, राम देवी, राजेश्वरी चाहर, अवन्तिका माथुर तथा महेंद्र शर्मा द्वारा आध्यात्मिक लाभ अर्जित किया।

# पटवारी अस्सी हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## भू-अभिलेख निरीक्षक मौके से फरार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भीलवाड़ा-द्वितीय टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए जोधड़ास तहसील आसीन्द जिला भीलवाड़ा के पटवारी प्रदीप कुमार यादव को परिवादी से अस्सी हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में भू-अभिलेख निरीक्षक वृत-कालियास तहसील आसीन्द जिला भीलवाड़ा आरोपित कृष्ण कुमार अवस्थी को एसीबी कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया। जिसकी एसीबी की टीम तलाश की जा रही है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की भीलवाड़ा-द्वितीय टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि राजस्व रिकार्ड में दुरूस्तीकरण करने के आवेदन पर रिपोर्ट करने की एवज में पटवारी प्रदीप कुमार यादव एवं भू-अभिलेख निरीक्षक कृष्ण कुमार अवस्थी द्वारा एक लाख रूपये की रिश्वत राशि की मांग की जा रही है। एसीबी की भीलवाड़ा-द्वितीय टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराज सिंह चारण के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी प्रदीप कुमार यादव को अस्सी हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। वहीं भू-अभिलेख निरीक्षक कृष्ण कुमार अवस्थी फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है।

# माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का होगा आयोजन

## 12 सितम्बर को उपखण्ड और 19 सितम्बर को होगी जिला स्तरीय जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार जिले में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था लागू की गई है। अतिरिक्त जिला कलक्टर योगेश कुमार डागुर ने बताया कि इसके तहत प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई, द्वितीय गुरूवार को उपखण्ड स्तर पर तथा तृतीय गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में 5 सितम्बर को ग्राम पंचायत स्तरीय,12 सितम्बर को उपखण्ड स्तरीय तथा 19 सितम्बर को जिला स्तरीय जनसुनवाई प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने समस्त अधिकारियों को जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये है।

# फिल्म भरखमा, लव स्टोरी के साथ दबंग पुलिस ऑफिसर रोल में दिखेंगे श्रवण सागर कल्याण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थानी फिल्म भरखमा हाल ही में ट्रेलर रिलीज़ होने के बाद छह सितम्बर को रिलीज़ हो रही हैं जिसमें राजस्थानी सुपरस्टार श्रवण सागर कल्याण दबंग पुलिस ऑफिसर का रोल निभाते नजर आएंगे। भरखमा एस सागर द्वारा निर्देशित एक आगामी ड्रामा थ्रिलर फिल्म है। इसमें श्रवण सागर कल्याण, अंजलि राघव, राजवीर गुर्जर बस्सी, गरिमा कपूर, साहिल चंदेल, जितेंद्र चावड़ी, राज कसोट और विनोद पेंटर सहित अन्य कई कलाकारों ने अभिनय किया हैं। फिल्म के दो गाने मन्ने हो गयो हैं प्यार और दिल डिस्को करें भी रिलीज़ हो चुके हैं। फिल्म भरखमा की कहानी में नीलोफर और सागर के अमर प्रेम को दर्शाया गया है, जो इतिहास में अमर प्रेम कहानियों जैसे लैला-मजनू, शिरी-फरहाद और मूमल-महेन्द्र की तरह है। फिल्म में एक दबंग पुलिस ऑफिसर की कर्तव्यनिष्ठा और प्रेम के सच्चे स्वरूप को दिखाया गया है। भरखमा दर्शकों को सिनेमा हॉल में आकर अपने सवालों के जवाब ढूंढ़ने के लिए आमंत्रित करती है, जहां वे सहनशील और अपने प्रिय सागर की कहानी देख सकते हैं।श्रवण सागर कल्याण की पहली राजस्थानी फिल्म 'म्हारो बीरो है घनश्याम' और बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'द हीरो अभिमन्यु' हैं। इसके अलावा सागर 'पटेलन', 'दंगल', 'राजू राठौड़', 'पगड़ी', 'शंखनाद', 'आटा साटा' और 'बाहुबली (राजस्थानी)' जैसी शानदार राजस्थानी फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। फिल्म के मुख्य अभिनेता श्रवण सागर कल्याण और अंजलि राघव ने जनता से आह्वान किया की फिल्म भरखमा छह सितम्बर को पेन इंडिया रिलीज़ हो रही हैं। अपने नजदीकी सिनेमाघरों में जाकर जरूर देखें।

# शौक पूरा करने के लिए नाबालिग लड़के ने खुद के अपहरण की कहानी रची

## पुलिस ने चार दोस्तों को गिरफ्तार किया, दो नाबालिग को निरुद्ध

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपने शौक पूरा करने के लिए एक व्यवसायी के नाबालिग लड़के ने खुद के अपहरण की कहानी रच कर दोस्तों से फोन करवाकर चालीस लाख की फिरौती मांगी। पुलिस ने इस मामले में अपहरण की झूठी कहानी रचने वाले नाबालिग लडके सहित छह दोस्तों को पकड़ा है। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस के पीछे पड़ने पर अपहरणकर्ता बने दोस्त व अपहरण हुआ नाबालिग अपने घर वापस लौट आए। बदमाशों से बचकर छूटकर आने की नाबालिग लडके ने व्यवसायी पिता को बोला कि वह उससे कितना प्यार करते हैं। यह चेक कर रहा था। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि भरतपुर के रहने वाले व्यवसायी ने मुहाना थाने में मामला दर्ज कराया था कि वह श्याम नगर मुहाना में परिवार के साथ रहता है और मुहाना में ही कुर्ती का व्यवसाय खोल रखा है। उसका सत्रह वर्षीय नाबालिग बेटा भी पिछले दो से तीन महीने से व्यवसाय में सहयोग कर रहा था। एक सितम्बर को शाम को नाबालिग बेटा घर के पास ही पतासी खाने के लिए गया था। देर शाम फोन करने पर मोबाइल बंद मिला। घर नहीं लौटने पर काफी ढूंढने के बाद भी पता नहीं चला। देर रात अपहरणकर्ताओं ने उसे फोन कर कहा कि उसके का अपहरण कर लिया गया और उसे छोड़ने के लिए चालीस लाख रुपए की फिरौती मांगी। और चालीस लाख रुपये नहीं दी तो इसे जान से मार देंगे। व्यवसायी ने यह जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने अपहरण को लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। अपहरणकर्ताओं को पकड़ने पुलिस टीम टोंक जा पहुंची। पुलिस को देखकर कार में बैठकर बदमाश जयपुर की ओर भाग निकले। पीछा करते हुए पुलिस टीम सोमवार रात वापस मुहाना आ पहुंची।

इस बीच अपहरणकर्ताओं से छुट कर नाबालिग अपने घर जा पहुंचा। नाबालिग बेटे के सुरक्षित घर आने के बारे में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के कहने पर परिजनों को अपहरण को लेकर शक हुआ। बार-बार बात बदलने पर झूठ पकड़ में आने पर नाबालिग बेटा बोला कि वह चेक कर रहा था कि पापा आप मुझसे कितना प्यार करते है। सख्ती से पूछताछ में पांच दोस्तों के साथ मिलकर अपहरण का प्लान बनाना बताया।

# अविनाश गहलोत ने किया बेटी प्रीमियर लीग की ट्रॉफी एवं पोस्टर का अनावरण

## जयपुरिया क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगी दो दिवसीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और खेलो इंडिया अभियान से युवतियों और महिलाओं को जोड़कर उनकी खेल प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली महिला क्रिकेट प्रतियोगिता बेटी प्रीमियर लीग के पोस्टर और ट्रॉफी का विमोचन कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया। इस मौके पर बॉलीवुड फिल्म डायरेक्टर के. सी. बोकाडिया, अमित बोकाडिया और रमेश सारडा मौजूद थे। बेटी प्रीमियर लीग के संयोजक अमित बोकाडिया और रमेश सारडा ने बताया कि आरआर केबल के सहयोग से होने वाली इस लीग का आयोजन 14 और 15 सितंबर को जयपुरिया क्रिकेट ग्राउंड पर होगा, जिसमें पूरे राजस्थान से खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें बेटी बचाओ अभियान के लिए 6 टीमें शामिल होंगी। कार्यक्रम के दौरान फिल्म और टीवी जगत की कई जानी मानी हस्तियां भी मौजूद रहकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगरपरिषद का अभियान मे 200 किलो बरामद हुई पोलीबैग



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** नगर परिषद ने शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर छापेमारी की गई ।कोटपूतली शहर में दुकानदारों में उस समय हड़कंप मच गया जब नगर परिषद की टीम सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे। परिषद आयुक्त धर्मेंद्र जाट के निर्देशन में सत्यनारायण वर्मा एएफओ ने टीम के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कोटपूतली शहर में अभियान चलाया। नगर निगम ने चलाया अभियान में कई दुकानों से 200 केजी के करीब पोलीबैग बरामद हुई। पोलीस्टाइरीन व विस्तारित पोलीस्टाइरीन वस्तु सहित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तु की रोकथाम के लिए निगरानी टीम ने आजाद चौक, पुतली रोड, डाबला रोड, मुख्य बाजार, राष्ट्रीय राजमार्ग फ्लाओवर के नीचे व आसपास राशन दुकानों, सब्जी व फल दुकानों, ठेला-खोमचा आदि का निरीक्षण किया ।इस मौके पर सभी दुकानदारों से अपील की गई कि वे सरकार की प्लास्टिक मुक्त कोटपूतली मुहिम में सहयोग करें। सामान की खरीदारी के लिए कपड़े या जूट का थैला साथ लेकर आएं। स्वच्छ व स्वस्थ जुगसलाई बनाने में अपना योगदान दें ।नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि शहर में लगातार अवैध अतिक्रमण में प्रतिबंधीत सिंगल उसे प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

# एटीएम बदलकर पैसा निकालने वाली गैंग का एक सदस्य पुलिस गिरफ्त में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शिप्रा पथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एटीएम बदलकर पैसा निकालने वाली गैंग के एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है और साथ ही उसके पास से अलग-अलग बैंकों के अलग-अलग व्यक्तियों के इक्कीस एटीएम कार्ड भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ जयपुर शहर के अलग-अलग थानों में दो दर्जन से अधिक धोखाधड़ी और चोरी के मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एटीएम बदलकर पैसा निकालने वाली गैंग का एक शातिर सदस्य कैलाश गुर्जर (28) निवासी बाटोदा जिला गंगापुर सिटी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से अलग-अलग बैंकों के अलग-अलग व्यक्तियों के इक्कीस एटीएम कार्ड जब्त किया है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि आरोपित के खिलाफ गांधी नगर,लालकोठी,सांगानेर, जवाहर सर्किल,ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य थानों में धोखाधड़ी और चोरी के दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# एडीजीपी (हाऊसिंग) बिनीता ठाकुर पहुँची कोटपूतली

## अपराध की रोकथाम को लेकर पुलिस अधिकाारियों की ली बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( नि.स. )।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजीपी (हाऊसिंग) बिनीता ठाकुर मंगलवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के दौरे पर रही। जहाँ उन्होंने कोटपूतली में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध की रोकथाम को लेकर पुलिस अधिकाारियों की बैठक ली। एडीजीपी ने रेंज के सभी एसपी व एएसपी के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन कर महिलाओं संबंधित अपराध की रोकथाम को लेकर विशेष चर्चा कर महिलाओं पर हो रहे अपराधों को कैसे रोका जा सकता है, इसको लेकर दिशा निर्देश दिये। साथ ही सभी शहरों में बाहरी लोगों के आवागमन की रोकथाम कर उनकी पहचान कर आपराधिक गतिविधियों में पाये जाने पर उनके खिलाफ ठोस कार्यवाही की जायें। वहीं हरियाणा राज्य में आगामी दिनों में विधानसभा चुनाव को लेकर बॉर्डर पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर विशेष गश्त लगाकर मादक पदार्थ व करेंसी के आवागमन की रोकथाम को लेकर दिशा निर्देश दिये। बैठक में जयपुर रेंज आईजी अनिल टांक, कोटपूतली-बहरोड़ एसपी वंदिता राणा, खैरथल-तिजारा एसपी मनीष चौधरी, भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रीयी, अलवर एएसपी तेजपाल सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# दो भाइयों का लापता मामला : 45 घंटे बाद भी लापता राहुल का नहीं लगा सुराग

## एसडीआरएफ और पुलिस ने खंगाला 10 से 12 किमी जंगल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नाहरगढ़ के चरण मंदिर घूमने गए दो भाईयों में से एक का शव मिल चुका है, लेकिन दूसरे भाई का 45 घंटे बाद भी सुराग नहीं लग पाया है। एसडीआरएफ सहित पुलिस की टीम लापता युवक को खोजने में जुटी है, लेकिन फिलहाल उनका सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम करीब 10 से 12 किमी जंगल को छान चुकी है। लेकिन अभी तक लापता बच्चे को लेकर कोई सुराग नहीं मिला है।

एसीपी शास्त्रीनगर भोपाल सिंह भाटी ने बताया कि युवक का मोबाइल भी बंद आ रहा है, ऐसे में उसकी वास्तविक लोकेशन नहीं मिल पा रही है। ऐसे में कई घंटों बाद भी उसकी खोज में सफलता नहीं मिल पा रही है। बच्चों की तलाश रविवार रात को शुरू की गई थी इसमें सोमवार सुबह एक का शव झाडियों में मिल गया था जिसके सिर के पीछे चोट के निशान मिले है और उसका बड़ा भाई लापता है।

सिविल डिफेंस के डिप्टी कंट्रोलर अमित कुमार ने बताया- उनकी टीमें शिफ्ट बदल-बदल कर सर्च कर रही हैं। दो भाइयों में से एक आशीष पाराशर की बॉडी मिलने के बाद उम्मीद थी कि राहुल भी एक-दो किलोमीटर के इलाके में ही मिल सकता है। लेकिन वह अभी तक नहीं मिला। एनडीआरएफ और जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने राहुल को सर्च करने के लिए ड्रोन भी इस्तेमाल किया। सोमवार को झाड़ी में आशीष का शव मिलने से परिवार काफी टूट गया है। उन्हें उम्मीद है कि राहुल सही सलामत मिलेगा। अधिकारियों की मानें तो मौके पर शव देखने से लगा कि वह डर से झाड़ी में घुसा है। वह किससे डर के झाड़ी में गया। इसे लेकर कयास हैं कि वह अंधेरे या किसी जानवर से डर कर छिपा होगा। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य उठाए है। पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकता है।

### पिता से फोन पर कहा था कि हम रास्ता भटक गए

शास्त्रीनगर थाना इलाके की परबतिया कॉलोनी निवासी राहुल पाराशर (21) और उसका छोटा भाई आशीष (19) रविवार सुबह 6 बजे नाहरगढ़ की पहाड़ी पर चरण मंदिर जाने की कह कर निकले थे। इसके 5 घंटे बाद सुबह 11 बजे पिता के फोन पर आशीष ने कॉल कर बताया कि चरण मंदिर से लौटते वक्त वे रास्ता भटक गए हैं। दोपहर 1 बजे तक उनके मोबाइल फोन पर रिंग जाती रही, लेकिन फोन उठाया नहीं गया। इसके बाद मोबाइल बंद हो गया। तब परिजन शास्त्री नगर थाने पहुंचे। पिता सुरेश पाराशर शास्त्री नगर में ही कांजी बड़े की दुकान चलाते हैं। राहुल एमए की पढ़ाई कर रहा है, जबकि आशीष बीए की पढ़ाई कर रहा था।

### नाहरगढ़ के रास्ते में दिखा लेपर्ड

नाहरगढ़ की पहाड़ियों में जहां रेस्क्यू चलाया जा रहा है। वहीं, आसपास का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में नाहरगढ़ जाने के रास्ते में एक लेपर्ड घूमता दिख रहा है। कार के पास पहुंचते ही लेपर्ड जंगल में भाग जाता है।

# ब्यावर मे आयोजित होने वाला 3 दिवसीय तेजा मेला आखिर अव्यवस्थाओं के बीच कैसे शुरू होगा

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** ब्यावर में आयोजित होने वाला तीन दिवसीय तेजा जी महाराज का मेला आखिर अब नगर परिषद की अव्यवस्थाओं के चलते कैसे भर पायेगा? मेला स्थल सुभाष उद्यान में जहां लगभग सभी गार्डनो मे पानी भरा हुआ है तो तालाब की पाल भी क्षतिग्रस्त हो रखी हैं। गन्दगी का आलम यह है कि वहां तालाब की पाल पर बारिश के पानी से पूरी मिट्ट दलदल मे तब्दील हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त तालाब में निकाली गई जलकुम्भी के वहां पड़े रहने से वह भी सडांध मारती नजर आ रही हैं। ऐसे मे सवाल उठता है कि मेले के मात्र 10 दिन रह गये हैं ऐसे में किन किन व्यवस्थाओं को अंजाम दिया जा सकता हैं। मंगलवार को सुभाष उद्यान में जायजा लेने के बाद पता चला कि राठी पेवेलियन पर जहां सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाती है, वहां अभी तक ना तो सफाई हुई है और ना ही रंगाई पुताई। इसके अलावा सुभाष उद्यान मे बने अलग-अलग गार्डनों मे पानी भर जाने के कारण दलदल जैसी स्थिति बनी हुई हैं। वर्तमान मे मेला स्थल शराबियों को अड्डा भी बना हुआ हैं। सुभाष उद्यान मे लगी टेबले व झुले आदि भी टूटे फूटे पडे हैं। मेला संयोजक गोपाल सिंह रावत से भी इस मामले में बातचीत करनी चाही तो उन्होंने अपनी व्यस्तता बताते हुए कहा कि मेले की व्यवस्थाओं में ही जुटा हुआ हूं, चूंकि ब्यावर में आयोजित होने वाले मेले की शुरूआत निकटवर्ती ग्राम सेदरिया से होती है। सेदरिया मे भी मेले की व्यवस्था को लेकर मेला स्थल पर साफ सफाई व मन्दिर की व्यवस्थाओं को अंजाम दिया जा रहा हैं। मेला स्थल सुभाष उद्यान की सफाई कराने के लिये लगी नरेगा की महिलाये भी बजाय कार्य करने के हाथ पर हाथ धरे बैठी नजर आई। कैमरे से फोटो लेने के बाद सभी महिलायें उठ उठ कर अपने काम की ओर जाने लगी और इस बीच तथाकथित तौर से लगे मेट सुरेश ने उन बैठी हुई महिलाओं की तरफदारी करते हुए कहा कि काम तो ऐसे ही होगा। इस बात को लेकर भी नगर परिषद आयुक्त को शिकायत की लेकिन अंजाम कुछ नहीं निकला। कुल मिलाकर मेला स्थल पर अव्यवस्थाओं के चलते आखिर मेला कैसे भरा जायेगा इस बात को लेकर काफी लोग चिंतित हैं, लेकिन नगर परिषद के कर्मचारियों पर कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा हैं।

# डी पी एस, उदयपुर सह-शैक्षणिक शिक्षण में राजस्थान राज्य में प्रथम रैंक पर हुआ पुरस्कृत

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** एज्यूकेशन टुडे' द्वारा उत्तर भारत की प्रमुख शिक्षण संस्थाओं के लिए किए गए एक सर्वे के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर को 'को-करिकुलर एज्यूकेशन' की श्रेणी में राजस्थान राज्य में रैंक-1 तथा उदयपुर शहर में रैंक-1 के पुरस्कार से नवाजा गया है। स्कूल को यह पुरस्कार एज्यूकेशन टुडे द्वारा गुरुग्राम में आयोजित नोर्थ एड्यूकेट समिट-2024 एंड नोर्थ इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड' नामक सम्मान समारोह में दिनांक 30 अगस्त 2024 को प्रदान किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य संजय नरवरिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार विद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्य दीपक अग्रवाल व श्रीमती आशिता अग्रवाल ने ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि संपूर्ण उत्तर भारत में से केवल 298 शिक्षण संस्थाएँ ही पुरस्कार हेतु नामित हुई। यह पुरस्कार शिक्षा जगत के विद्वानों द्वारा दी गई रैंकिंग, अभिभावकों के वोट तथा सर्वे के विश्लेषण के आधार पर श्रेष्ठ शैक्षणिक परिणाम, प्रबंधन की कार्य कुशलता , श्रेष्ठ लर्निंग एनवायरनमेंट , कुशल नेतृत्व क्षमता तथा विद्यार्थियों के लिए विशेष पाठ्येत्तर गतिविधियों वाली संस्थाओं को प्रदान किया गया हैं।

प्रो वाइस चेयरमेन गोविंद अग्रवाल ने कहा कि उदयपुर शहर में तथा राजस्थान राज्य में 'को करिकुलर एज्यूकेशन में प्रथम रैंक प्राप्त करना अत्यंत गर्व की बात है। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों,अभिभावकों तथा शिक्षकों को देते हुए हार्दिक बधाई दी।

# रामदेवरा यात्रियों हेतु कपासन में आयोजित रामरसोड़े का महाप्रसादी एवं भव्य भजन संध्या के साथ समापन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** नगर के धमाणा मार्ग पर रामदेवरा जाने वाले यात्रियों हेतु संचालित रामसोड़े का मंगलवार को महाप्रसादी एवं भव्य भजन संध्या के साथ समापन किया गया। उल्लेखनीय है कि नगर कपासन में विगत 18 वर्षो से श्री रामदेवरा रामरसोड़ा सत्संग मंडल कपासन के संयोजन में पैदल एवं वाहनधारी यात्रियों हेतु माकूल व्यवस्थाओं के साथ रामरसोड़े का संचालन किया जा रहा है।व्यवस्थापक मंडल के सदस्य सुनील सोनी ने बताया कि नगर में आयोजित रामरसोड़े में आगंतुक यात्रियों हेतु अल्पाहार, आवास,भोजन,चिकित्सा आदि माकूल व्यवस्थाओं को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है।साथ ही मंगलवार सांय प्रसिद्ध लोकदेवता रामदेव जी की पूजा-अर्चना एवं महाआरती उपरांत रात्रि में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।जिसमे भक्तो एवं श्रद्धालुओ ने धार्मिक गीत एवं भजनों पर झूमते नाचते जय बाबा री आदि जयकारों के साथ भक्तिरस का लुत्फ उठाया। इधर व्यवस्थापक मंडल के सदस्य मुकेश चंदेल ने बताया कि भादवी बीज के अवसर पर गुरुवार सुबह महाआरती बाद नगर के मुख्य मार्गो से रामदेव जी की शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा।उक्त शोभायात्रा गुलाबसागर जलाशय किनारे स्थित नंदेश्वर महादेव मंदिर पर संपन्न होगी।इसके बाद महाआरती कर भक्तो एवं श्रद्धालुओ में प्रसाद वितरित किया जायेगा। इस रामरसोड़े के सफल आयोजन में जगदीश माली,गोपाल सुथार,जगदीश जटिया,शोभालाल, बद्रीलाल सोमानी,रमेश कोदली,रमेश खटीक, विवान चंदेल,भवानीशंकर जीनगर,सुनील सोनी, नगर पालिका पार्षद मुकेश पलोड़,लक्ष्य सोनी,रतन पूर्बिया,मनोज सोनी,मुकेश चंदेल,गौरव साधु, जमनालाल माली आदि भक्तो एवं श्रद्धालुओ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# बीएससी नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थीयो ने ली नेत्रदान की शपथ

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** 39 वे राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत बीएससी नर्सिंग कॉलेज में नेत्रदान संगोष्ठी का आयोजन रखा गया। मेडिकल कॉलेज कोटा नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक मीणा ने बताया कि बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थी नेत्रदान में अहम भूमिका निभा सकते हैं मृत्यु उपरांत परिजनों को नेत्रदान के लिए प्रेरित कर नेत्रदान को बढ़ावा दे सकते हैं। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ घनश्याम मीणा ने बताया कि नर्सिंग विद्यार्थी प्रशिक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अपने परिवारजन एवं पड़ोस में मृत्यु उपरांत उनको नेत्रदान के लिए प्रेरित करे ताकि नेत्रदान को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में पीपीटी एवं टेलीफिल्म के माध्यम से डॉ प्रियंका मीणा द्वारा बताया गया कि भारत में लगभग डेढ़ लाख कॉर्निया की प्रतिवर्ष आवश्यकता है लेकिन लगभग 50 हजार कॉर्निया हीं भारतवर्ष में दान किए जाते हैं मेडिकल कॉलेज की नेत्र विभाग के पास 24 घंटे नेत्रदान की सुविधा उपलब्ध है विद्यार्थियों को टेलीफिल्म के माध्यम से नेत्रदान की प्रक्रिया को समझाया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्काउट एंड गाइड के पूर्व मंडल सचिव यज्ञदत हाड़ा ने नेत्रदान से संबंधित भ्रांतियां को दूर किया। राजकीय बीएससी कॉलेज के प्रधानाचार्य सी.पी.मीणा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को नेत्रदान की शपथ दिलवाई।

कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ घनश्याम मीणा, नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक मीणा,राजकीय बीएससी कॉलेज के प्रधानाचार्य सी.पी.मीणा, स्काउट एंड गाइड के पूर्व मंडल सचिव यज्ञदत हाडा, नेत्र विभाग के चिकित्सक डॉ अदिति वर्मा, डॉ जगदीश चौधरी, डॉ वंशिका अरोड़ा, डॉ प्रियंका मीणा, डॉ प्रियंका आर्य, नर्सिंग ऑफिसर नीरज कुमारी, नेत्रदान सलाहकार भूपेंद्र सिंह हाडा, टेक्नीशियन हेमंत यादव सहित नर्सिंग 150 विद्यार्थी उपस्थित थे।

# रावतभाटा में श्री सुविधिनाथ स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा पर्युषण महापर्व

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा( नि.स. )।** पर्युषण महापर्व महोत्सव 31-8-2024 से श्री सुविधिनाथ स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। पर्युषण महापर्व के चारो दिन सुविधिनाथ भगवान,पार्श्वनाथ भगवान और सुपार्श्वनाथ भगवान की पूजा अर्चना समाज के महिला पुरुष व बच्चो द्वारा प्रतिदिन की जा रही है साथ ही रोज सुबह स्नात्र पूजन लाभार्थी परिवार द्वारा किया जा रहा है । दिन मे प्रभु जी की आंगी व रंगोली बनाई गई और शाम को महिलाओ द्वारा प्रतिक्रमण किया जा रह है। जैन समाज के सचिव जितेन्द्र गोठी ने बताया की प्रतिक्रमण प्रिया तिल्लानी, अंकिता तिल्लानी द्वारा करवाया गया और उसके बाद मंदिर जी में भगवान जी की आरती की गई व देर रात तक भक्ति की गई ।आंगी व रंगोली के लाभार्थी मितेश मेहता परिवार और योगेश जैन,मोहन लाल,सुनील कुमार,अशोक कुमार लोढ़ा परिवार रहे और भक्ति के लाभार्थी मितेश जैन,निर्मल कुमार,राहुल कुमार जैन परिवार रहे।


# मादक पदार्थो की तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (नि.स. )।** मादक पदार्थ की तस्करी करने के मामले में पिछले 5 साल से फरार चल रहे आरोपी राजकुमार उर्फ पप्पु को बदनौर के थानाधिकारी राज दिपेन्द्र सिंह ने गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मोटरास प्रतापपुरा पर एक सडक दुर्घना हो गई है, जिस पर घटना स्थल पर पहुंचे तो घायलो को आसिन्द अस्पताल ले जाने की जानकारी मिली। मौके पर एक एक्सीडेंटशुदा मोटरसाईकिल व एक डस्टर गाडी जिसकी आगे पीछे आर जे 14 एसी 2068 की नंबर प्लेट लगी हुई थी।

शंका होने पर डस्टर गाडी की फाटक खोलकर देखा तो 3 प्लास्टिक के कट्टों में कुल वजन 21 किलों 800 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा पाया गया। यह घटना गत 7 नवम्बर 2018 की हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। प्रकरण में एक आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। वांछित आरोपी की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तैयार कर रखे थे। जिसकी सूचना मंगलवार को प्राप्त होने के साथ ही त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी राजकुमार उर्फ पप्पु पिता धनराज सुथार (45 वर्ष) को डिटेन कर बाद पूछताछ गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी गुलाना थाना बेगू जिला चित्तोड का बताया जाता हैं।

# प.ऊ.के.वि.नं.2 में आयोजित बाल-विज्ञान प्रदर्शनी का परिणाम घोषित किया गया




बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा कार्यक्रम में 28-08-2024 को आयोजित कि गई बाल-विज्ञान प्रदर्शनी का परिणाम भी घोषित किया गया । इस बाल-विज्ञान प्रदर्शनी के प्रभारी नेत्रिका मंडार ने बताया कि इस प्रदर्शनी में कक्षा तीसरी से दसवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं जिसमें विद्यार्थियों द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट कुल 138 विज्ञान में 45 सामाजिक-विज्ञान में 17,पर्यावरण- विज्ञान में 36 एवं गणित में 50 के प्रोजेक्टो को प्रदर्शित किया गया था 7 जिसमें प्राथमिक वर्ग गणित में 10 पर्यावरण- विज्ञान में 11पुरस्कार ,माध्यमिक वर्ग विज्ञान में 7 सामाजिक-विज्ञान में 7 गणित में 7 पुरस्कार दिए जायेगे 7 विजेता रहे । प्रोजक्ट्स बनाने वाले प्रत्येक श्रेणी के ग्रुप का लीडर अगले स्तर पर परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था मुंबई कि और से आयोजित कि जाने वाली आखिल भारतीय अंतर विद्यालयी विज्ञान,सामाजिक विज्ञान ,गणित कि प्रदर्शनी में प्रोजेक्ट ले जाकर भाग लिया जायेगा । जूनीयर ग्रुप प्रदर्शनी प्रभारी सुखदीप बी.पंत ने बताया कि गणित में प्रथम सत्विक सिन्हा, प्रकेत भारद्वाज द्रितीय अनमोल वशिष्ठ ,आरुष कुमार ,द्रितीय,हितान्शी कुचेरिया तृतीय विदित सिंह राव ,छत्रपाल सिंह ,शिवांश सक्सेना , प्राक्रतिक विज्ञान में प्रथम अक्षिव शर्मा ,विदित सिंह राव ,आहान शर्मा ,वैष्णवी पाण्डेय द्रितीय समृद्धि माथुर,लक्षित तृतीय अंजल साल्वी ,आकृति विश्वकर्मा ,दिव्यांशी मालव ,आरुष कुमार अनमोल वशिष्ठ प्राप्त किया ।

# कृषि विभाग टीम ने किया खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण

## ज्वॉइट डायरेक्टर कृषि जगदेव सिंह व उसकी टीम पहुंची साहवा

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( नि.स. )।** कस्बे में संचालित खाद बीज और पेस्टीसाइड की दुकानों का कृषि विभाग टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। सोमवार को संयुक्त निदेशक कृषि चूरू जगदेव् सिंह के नेतृत्व में टीम ने तारानगर व साहवा कस्बे में खाद बीज की दुकानों का निरिक्षण किया। इस दौरान दुकानों के लाइसेंस जांच किये तथा कुछ दुकानों में कमिया पायी जाने पर इनको नोटिस जारी किए गये है। सूत्रों के अनुसार कृषि विभाग की टीम की सूचना मिलने पर कथित मिलावट और नकली खाद बीज और पेस्टीसाइड का कारोबार करने वाले कुछ दुकानदार अपनी दुकानों को बंद करके चले गये। विभागीय अधिकारियों के अनुसार ऐसे दुकानदारों के लाइसेंस नियमानुसार निलम्ब करने की कार्यवाही की जाएगी। वही टीम द्वारा कुछ दुकानो से खाद बीज व कीटनाशक के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भिजवाए गए है । कृषि विभाग की उक्त टीम में कुलदीप शर्मा सहायक निदेशक चूरू , विजय पूरी कृषि अधिकारी , प्रमोद कुमार कृषि अधिकारी आदि शामिल थे। उल्लेखनीय है कि साहवा कस्बे में कुछ कथित मिलावटी और नकली खाद और कीटनाशक दवा विक्रेताओं की ओर से बीज और पेस्टीसाइड के नाम पर किसानों को सरेआम लूटा जा रहा है। ऐसे लोगो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग कई बार उठती रही है। सोमवार को अचानक कृषि विभाग की टीम पहुंची तो नकली कीटनाशक और खाद बीज बेचने वालो में हड़कंप मच गया।

# जेसीबी चुराने के 3 आरोपी गिरफ्तार, जेसीबी बरामद

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (नि.स. )।** सदर थानान्तर्गत पिपलाज गांव में स्थित एक फैक्ट्री मे खडी जेसीबी के चोरी हो जाने का मामला दर्ज हुआ है। सदर थानाधिकारी गंगाराम खावा ने बताया कि 19 अगस्त को नरेन्द्र सिंह रावत ग्राम रूदलाई निवासी ने एक शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मैंने गोरधन मिनरल्स फैक्ट्री पीपलाज में जेसीबी मशीनी खड़ी की थी, जिसे दिनांक 18 अगस्त को रात्रि में अज्ञात चोर चोरी करके ले गये। पुलिस ने इस मामले मे मामला दर्ज कर जेसीबी मशीन की तलाश शुरू की। फैक्ट्री के आस पास लोगो से पूछताछ की जाकर मुखबीर तन्त्र मजबूत किया। इसी बीच मुखबीर ने जानकारी देते हुए बताया की उक्त फैक्ट्री से शरीफ खान, अलमुईन व गोपाल गुर्जर ने चोरी की हैं। पुलिस ने टीम गठित कर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुऐ उक्त संदिग्ध व्यक्तियो को डिटेन कर पुछताछ की जिसमें उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी हुई जेसीबी मशीन व चोरी करने में प्रयुक्त मोटर साईकिल भी जब्त कर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामर्ला दर्ज कर कार्यवाही आरम्भ की। सदर थानाधिकारी श्री खावा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये युवक शरीफ खान पुत्र घीसा खान उम्र (22 वर्ष) निवासी ग्राम पाखरियावास थाना ब्यावर सदर व अलमुईन पुत्र कालू शाह जाति सांई मुसलमान उम्र (23 वर्ष) निवासी ग्राम नूरियावास पुलिस थाना पींसागन व गोपाल पुत्र श्रवण जाति गुर्जर (24 वर्ष) ग्राम नूरियावास पुलिस थाना पीसागन हैं।


## कार्यालय नगर पालिका, निवाई

क्रमांक :– न0पा0नि0 / स्टोर / 2024–25 / 4475 | दिनांक : 02.09.2024

**निविदा–सूचना**

सम्बन्धित व्यवसायदाताओं को सुचित किया जाता है कि नगर पालिका निवाई द्वारा वित्तिय वर्ष 2023–24 के लिए निम्नानुसार कार्य करवाये जाने हेतु मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिनकी निविदाएं दिनांक 12.09.2024 को 2:00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 12.09.2024 को 2:00 बजे से 4:00 बजे तक बंद लिफाफे मे प्राप्त की जाकर निविदाएं दिनांक 12.09.2024 सायं 4:00 बजे उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष खोली जावेगी तथा उक्त निविदा वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है उपरावेक्त वर्णित निर्धारित तिथि व निर्धारित समय तक निर्धारित शुल्क नगर पालिका कोष में नगद जमा करवाकर रसीद प्रस्तुत करने पर ही अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है, व जमा कराया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | अमानत राशि | टेण्डर शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्तिय वर्ष 2024–25 कार्यालय वास्ते कम्प्यूटर सेट (सीपीयू, एलईडी, 22 इंच, की–बोर्ड, माउस सहित ) प्रिंटर(B&W), कलर प्रिंटर, लेप टॉप, स्केनर सप्लाई का कार्य UBN No:-DLB2425GSOB07179 | 6,00,000 | 12,000 | 500 |

नोट:–

1. टेण्डर शर्ते एवं अन्य जानकारी www.sppp.raj.nic.in अथवा कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।
2. सशर्त निविदाऐं मान्य नहीं होगी।
3. टेण्डर आवेदन पत्र के साथ पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं संम्बन्धित कार्य के लाईसेन्स की छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
4. टेण्डर स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष / अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई को होगा।

राज.संवाद / सी / 24 / 4659 — अध्यक्ष नगर पालिका निवाई — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई

## Office of RUDSICO, External Aided Project (RUIDP)
## Rajasthan Urban Drinking Water Sewerage & Infrastructure Corporation Limited

Address : AVS Building, Jawahar Circle, JLN Marg, Jaipur-302017, Ph. - 141 2721966, Fax No. 141 2721919, E-Mail : mail.ruidp@rajasthan.gov.in, Website: www.ruidp.rajasthan.gov.in

क्रमांक :- F2(25)(8)/RUIDP/PMU/Acct./Int. Audit/Tender/2018-22/7521 | दिनांक :- 02/09/2024

**Notice Inviting Tender**
**Open Competitive bidding for appointing Internal Auditor for RUIDP for F.Y. 2024-25**

Open competitive bids are being invited for appointing Chartered Accountant/ Cost Accountant firm for 'Internal Audit' of RUIDP for F.Y. 2024-25. Term of Reference of the aforesaid work can be downloaded from website **https://lsg.rajasthan.gov.in/content/raj/udh/ruidp/en/home.html** and State Public Procurement Portal **http://sppp.raj.nic.in.**

Estimated cost is Approx. — Rs. 3.00 lacs
Tender Document fee — Rs. 500
Bid Security fees is 2% i.e. — Rs. 6000

The interested Firms are requested to Drop their proposals offline by **3.00 PM** on 10.09.2024 to the undersigned office premises in sealed box. The Sealed Box will be opened by committee of PMU at 4.00 PM on 10.09.2024 in the presence of representative of concerned bidder firms. **UBN : UID2425SSRC00014**

Raj.Samwad/C/24/4614 — Dy. Project Director (Adm.)

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता ईसरदा परियोजना वृत्त टोंक।

ई-मेल_seisardatonk@gmail.com

क्रमांक :- 791 | दिनांक :- 27-08-2024

**ई- निविदा सूचनासंख्या 01/2024-25**

राजस्थान के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से इस कार्यालय के अधीन, कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता पुनर्वास खण्ड् ईसरदा परियोजना जल संसाधन टोंक के विभिन्न 04 कार्यों जिनकी अनुमानित लागत रू. 506.60 लाख है. के लिए उपर्युक्त श्रेणी में योग्य पंजीकृत सर्वेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.08.2024 प्रात: 9:30 बजे से दिनांक 09.09.2024 सांय 06.00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 10.09.2024 को प्रात: 11.00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है या सम्पूर्ण निविदाएं नहीं खोली जा सकती हैं तो उसके अगले कार्यदिवस को उसी समय निविदा खोली जावेगी। निविदा से संबंधित कार्यों का विवरण वेबसाईट www.diproline.org.https://eproc.rajasthan.gov.in, www.waterresources.rajasthan.gov.in & http://sppp.raj.nic.in व कार्यालय हाजा के नोटिस बोर्ड पर कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

**NIB No.** WRD2425A0172

| UBN No. | |
|---|---|
| | WRD2425 WS0B00549 |
| | WRO2425 WSOB00550 |
| | WRD2425 WSOB00551 |
| | WRD 2425 WSOB00552 |

जितेन्द्र लुहाडिया )
अधीक्षण अभियन्ता
ईसरदा परियोजना वृत्त
जल संसाधन विभाग टोंक।

## सम्पादकीय

# भारत में खाद्य तेल की बढ़ती खपत और आयात निर्भरता

भारत खाद्य तेलों के अहम उत्पादकों में से एक है। दुनिया के कुल तिलहन रकबे का करीब 15-20 फीसदी भारत में है। जबकि वैश्विक उत्पादन में हमारी हिस्सेदारी 6-7 फीसदी और खपत में हमारा योगदान 9-10 फीसदी है। इसके बावजूद देश की खाद्य तेल खपत का करीब 57 फीसदी हिस्सा आयात से पूरा किया जाता है। ऐसे में जाहिर है हम वैश्विक खाद्य तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव को लेकर संवेदनशील रहते हैं और आपूर्ति का बाधित होना भी हमें दिक्कत देता है। इस वर्ष जुलाई में हमने रिकॉर्ड मात्रा में खाद्य तेल खरीदा क्योंकि आकर्षक कीमतों के चलते रिफाइनरों ने पाम ऑयल और सोया ऑयल की खरीद बढ़ा दी। इस संबंध में नीति आयोग ने हाल ही में एक व्यापक रिपोर्ट पेश की है जिसमें तिलहन आयात पर भारत की भारी निर्भरता का जिक्र किया गया है और भविष्य के पूर्वानुमान पेश किए गए हैं। उदाहरण के लिए 2022-23 में भारत ने 1.65 करोड़ टन खाद्य तेल आयात किया। घरेलू उत्पादन देश की कुल जरूरत के केवल 40-45 फीसदी की ही पूर्ति कर पा रहा है। वहीं देश के खाद्य तेल की प्रति व्यक्ति खपत भी बढ़कर 19.7 किलो प्रति वर्ष हो चुकी है। 1990 के दशक में तिलहन क्रांति (येलो रिवॉल्युशन) की मदद से तिलहन के क्षेत्र में जो आत्मनिर्भरता हासिल की गई थी वह लंबे समय तक टिकाऊ नहीं रह सकी। इस संदर्भ में रिपोर्ट में फसल उत्पादन में विविधता लाने और मुख्य अनाजों के अलावा अन्य फसल उपजाने की जरूरत को रेखांकित किया गया है। बहरहाल, बिजली और उर्वरक सब्सिडी सहित तमाम प्रोत्साहन धान और गेहूं की खेती के पक्ष में झुके हैं। इससे किसान दूसरी फसलों को नहीं अपनाना चाहते। पंजाब के किसानों को अब खरीफ के सीजन में कम पानी की खपत वाली फसलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के क्रम में 17,500 रुपये प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। परंतु जैसा कि कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी तथा अन्य लोगों ने संकेत किया, केवल इतना करना पर्याप्त नहीं है। धान और तिलहन के बीच मुनाफे का अंतर इतना अधिक है उसकी भरपाई इस राशि से नहीं हो पाएगी। सुझावों के मुताबिक धान की खेती से दूरी बनाने के लिए कम से कम 35,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि देनी होगी। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में खरीद एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि तिलहन की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाए ताकि किसानों के लिए बाजार जोखिम कम किया जा सके। आयात का बोझ कम करने के लिए नीति निर्माता पाम की खेती बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। देश में पाम ऑयल का उत्पादन 2010-11 के 79,000 टन से बढ़कर 2021-22 में 3.60 लाख टन हो गया। बहरहाल पाम के पौधरोपण के लिए वनों की कटाई को देखते हुए यह चिंता का विषय है। पूरे दक्षिण-पूर्वी एशिया में ऐसा देखा जा रहा है। हालांकि जैसा कि रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुपयोगी भूमि का इस्तेमाल एक उपयोगी विकल्प हो सकता है। हमारी खानपान की आदतों और खाद्य खपत के आधार पर रिपोर्ट में प्रस्तुत अनुमानों के मुताबिक 2030 तक खाद्य तेल के मामले में मांग और आपूर्ति का अंतर 2.95 करोड़ टन होगा।

### सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयन्ती

# सर्वसुलभ इंसाफ की उम्मीद को पंख लगे

**सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए। यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो कुछ कहा, उसे देश की पूरी न्याय व्यवस्था के लिए अलार्म बेल माना जा सकता है। राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि जब तक न्यायपालिका देश के आम लोगों को सहजता से इंसाफ तक पहुंचने का रास्ता मुहैया नहीं कराती, तब तक उसका काम पूरा नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है।**

ललित गर्ग




यह सुखद, अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक अवसर ही है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने 75 साल का गरिमामय सफर पूरा कर लिया है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए और विभिन्न आयोजनों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को अधिक सशक्त बनाने के विषय पर गंभीर मंथन भी हुआ, ऐसे ही आयोजनों में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) डी.वाई. चंद्रचूड ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है' वाली इस बात को सभी महसूस करते हैं लेकिन न्यायिक व्यवस्था के शीर्ष पर आसीन मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की इस स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।'

अदालतों से न्याय पाने की प्रक्रिया बड़ी खर्चीली है और इसमें बेहिसाब वक्त लगता है। इन दोनों ही का नतीजा इसी रूप में सामने आता है कि इंसाफ की आस लेकर अदालत पहुंचा व्यक्ति फैसला आने तक टूट चुका होता है। इसीलिये राष्ट्रपति ने ठीक ही कहा कि किसी गंभीर अपराध से जुड़े मामले का फैसला आने में 32 साल लग जाए तो लोगों को ऐसा लगना अस्वाभाविक नहीं कि शायद अदालतें ऐसे मामलों को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। राष्ट्रपति ने किसी खास मामले का जिक्र नहीं किया, लेकिन उनका इशारा अजमेर में पॉक्सो अदालत द्वारा इसी 20 अगस्त को सुनाए गए फैसले की तरफ था। एक चर्चित सेक्स स्कैंडल से जुड़े इस मामले में छह लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाने में 32 साल लग गए। यह अपनी तरह का कोई इकलौता मामला नहीं है। बेहद गंभीर और वीभत्स अपराध के सैकड़ों ऐसे मामले हैं, जो अदालतों में बरसों से लंबित पड़े हैं।

लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती पर महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट इसके लिए क्या करने जा रहा है, जिससे लोग न्याय प्रक्रिया से हताश-निराश होकर समझौता करने के लिए बाध्य न हों? प्रश्न यह भी है उन्हें समय पर त्वरित न्याय कब मिल सकेगा? दुर्भाग्य से ये प्रश्न दशकों से अनुत्तरित है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। कोलकाता में एक मेडिकल कालेज के अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या कांड ने पूरे देश को उद्वेलित किया है। पूरे देश में अपराधियों को शीघ्र व सख्त दंड देने की मांग की जा रही है। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर विश्वास किया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है विकसित भारत, नया भारत बनने का। नया भारत, यानी सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है। भारत में लोकतंत्र और उदारवादी मूल्यों को मज़बूत करने में न्यायपालिका ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संविधान का रखवाला, ग़रीबों के अधिकार एवं सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ़ कमज़ोर समूहों का योग्य संरक्षक और करोड़ों नागरिकों के लिए आखरी उम्मीद वाला संस्थान है सुप्रीम कोर्ट। कुछ अपवादों को छोड़कर पिछले 75 वर्षों में ज्यादातर समय भारतीय न्यायपालिका संविधान की रक्षा और क़ानून के शासन को बनाए रखने में सफल रही है। लेकिन भारतीय कानून व्यवस्था के सामने अनेक जटिल स्थितियां भी हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति, बढ़ते केसों की संख्या, जवाबदेही, भ्रष्टाचार एवं विलम्बित न्याय आदि। न्याय को लेकर अदालतों तक आम नागरिकों की पहुंच एवं खर्च के मुद्दों और इसी तरह की दूसरी चीज़ों के मामले में सुधार के बारे में न्यायपालिका की अपनी महत्वपूर्ण चिंताएं हैं। हमारे कानूनों की भावना है-नागरिक पहले, सम्मान पहले और न्याय पहले है। निश्चित ही डी.वाई. चंद्रचूड न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा करते रहे हैं तो उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दिये हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देती रही है। न्याय के इंतजार में कई-कई पीढ़ियां अदालतों के चक्कर काटती रह जाती हैं। देश में शीर्ष अदालत, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में मुकदमों का अंबार निश्चित रूप से न्यायिक व्यवस्था के लिये असहज एवं चुनौतीपूर्ण स्थिति है। बताया जाता है कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या लगभग 80 हजार है। उच्च न्यायालयों में इनकी संख्या 62 लाख के करीब है और निचली अदालतों में करीब साढ़े चार करोड़। इसका अर्थ है कि लगभग पांच करोड़ लोग न्याय के लिए प्रतीक्षारत हैं। देश में तीनों स्तरों पर लंबित मामले न्यायिक व्यवस्था के लिये एक गंभीर चुनौती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**वृष**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**कर्क**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**सिंह**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**कन्या**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**वृश्चिक**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**धनु**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मकर**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**कुंभ**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**मीन**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे।

## शख्सियत

**'सामाजिक सेवा और कुछ भी नहीं आपके मन के कर्तव्य और भावनाओं का एक जीता जागता वजूद है इसमें उम्र की कोई सीमा नहीं सामाजिक सेवाओं से जुड़ने वाला व्यक्ति कोई भी हो सकता है बस उसके मन में भावना यह हो कि वह सच में समाज की सेवा कर रहा है'**

नमस्कार दोस्तों हमारी आज शख्सियत कॉलम के आदर्श के रूप में प्रस्तुत किए जा रहे हैं श्री अशोक गुप्ता। इनका जन्म 28 जून 1952 को अलवर में रायबका वालो के मेठी परिवार में रामदयाल जी के घर हुआ । पिताजी की 1920से केडलगंज में आढ़त की दुकान थी। पिताजी के परिवार में ये 4 भाई व 1बहन है। तीनों भाई व्यापार में रहे। इनके दो पुत्र व एक पुत्री हैं। बड़ा बेटा अभिषेक अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। छोटा बेटा अभिनव मेठी,बहु जयश्री मेठी दोनों दंत चिकित्सक हैं जो सेवा कार्यों में भी अग्रसर रहते हैं। इन्होंने नवीन माध्यमिक उच्चतर विद्यालय से 1969 में स्कूल के साइंस मैथ्स विषय से परीक्षा उत्तीर्ण की। अलवर कॉलेज में 1 साल पढ़ने के बाद कुरुक्षेत्र के रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज 1970 में प्रवेश लेकर 1975 में सिविल इंजीनियरिंग में तृतीय पोजिशन के साथ उत्तीर्ण की। जनवरी 1976 में सिंचाई विभाग में कनिष्ठ अभियंता के रूप में प्रथम पोस्टिंग बीकानेर में हुई। वर्ष 1978 में मैरिट के आधार पर सहायक अभियंता के पद पर पदोनत्ती हुई। करीब 25 वर्ष की सफल सर्विस के बाद फरवरी 2004में अधिशाषी अभियन्ता के पद पर पद्दोनत्ती हुई। वर्ष 79 से 83 एवम 89 से 95 तक जिला परिषद् अलवर में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत रहे। उस समय इन्होंने पक्के कार्यो के निर्माण पर जोर देते हुए अलवर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों मे भवन रहित 2000 से अधिक विद्यालयों में, पंचायत भवनों, औषधालयों सामुदायिक भवनो आदि में कमरो का निर्माण करवाया। सिंचाई विभाग मे नगर भरतपुर, डीग , धौलपुर, जयपुर आदि स्थानों पर पदस्थापित रहे। वर्ष 2004 में भरतपुर में पदस्थापन के दौरान मैं अपना घर आश्रम के प्रेरणा स्त्रोत डॉ बी एम भारद्वाज जी के सम्पर्क में आये। उनकी समाज से वंचित लोगों की सेवाओं को देखते हुए ये भी तभी से अपना घर आश्रम की सेवाओं से जुड़ गए। वर्ष 2012 में सेवा निवृत्त होने पर अलवर के अपना घर आश्रम के खुलने पर इन्होंने आश्रम में शुरू से सचिव पद का दायित्व निभाते हुए 2021तक कार्य किया। अप्रैल 2021से आज तक अपना घर आश्रम के अध्यक्ष पद का दायित्व निभा रहे हैं। महिला आश्रम के अध्यक्ष पद का दायित्व भी अप्रैल 2021से अगस्त 2023 तक निभाया। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था दी इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के अलवर सेन्टर में 2015से 2017 तक सचिव पद पर, 2022 से आज तक अध्यक्ष पद का दायित्व सम्भाल रहे हैं । चन्द्र प्रभु विकलांग कल्याण समिति में कार्य कारिणी सदस्य के रूप में सेवा दे रहे हैं। वर्ष 2012 से आज तक गर्मियों में स्टेशन और बिजली घर चौराहे पर राहगीरों को जल सेवाओं में भागीदारी निभाते हैं। आध्यात्मिक क्षेत्र में मैं ब्रह्म लीन रामसुखदास जी महाराज जी के पदचिन्हों पर चलने वाले विलक्षण सन्त स्वामी विजयानंद जी गिरी से प्रभावित हैं और उनके जहां प्रवचन होते हैं वहां जाकर उनके प्रवचनो का लाभ उठाने का प्रयास करते हैं। इस उम्र में भी एक अलग जज्बे के साथ सामाजिक सेवा करने वाले अशोक गुप्ता ने अपने मन की बात पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास किया है उन्होंने कहा कि मेरी लोगों से विनती है कि मनुष्य जीवन ईश्वर की विशेष कृपा से मिला है इसलिए इसे दूसरों की सेवाओं और अपने उद्धार के लिए भगवत भक्ति में लगाना चाहिए।अंत में मेरी इच्छा है कि मुझे ईश्वर इतनी शक्ति दें कि मैं मरते दम तक असहाय, लावारिस,दीन दुखियों की निस्वार्थ भाव से सेवा करता रहूं। सच में श्री अशोक गुप्ता एक सराहनीय प्रयास करते हुए एक शख्सियत के रूप में समाज में नजर आ रहे हैं । दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य और स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना करती है।

**जय हिंद**



अशोक गुप्ता
(वरिष्ठ श्रेणी के इंजीनियर व प्रमुख समाजसेवी)

## आज का इतिहास

### 4 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुगलों और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच राजा जय सिंह संधि पर 1665 को हस्ताक्षर हुए।
- स्पेन के निवासियों द्वारा लॉस एंजिल्स की स्थापना 1781 में की गयी।
- महात्मा गांधी ने 1888 में इंग्लैंड के लिए समुद्री यात्रा शुरु की।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने 1944 में बेल्जियम के एंटवर्प शहर में प्रवेश किया।
- 6.5 तीव्रता वाले भूकंप की चपेट में 1967 को आया महाराष्ट्र का कोयना बांध, 200 से ज्यादा लोगों की मौत।
- उत्तरी वियतनाम के राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपिता हो ची मिन्ह का देहावसान 1969 में हुआ ।
- 73 सालों के बाद समुद्र में 1985 को डूबे जहाज टाइटेनिक की तस्वीरें सामने आई थीं। टाइटेनिक दुर्घटना में इस जहाज पर सवार 1,500 लोग मारे गए थे।
- अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 1998 को आयरलैंड के डबलिन में स्वीकार किया कि मोनिका लेविंस्की के साथ सम्बन्ध कायम करना बड़ी गलती थी, डरबन में 12वें गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
- लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने 1998 को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में पी.एच.डी करने के दौरान इसे विकसित किया था।
- ईस्ट तिमोर में 1999 को सम्पन्न हुए जनमत संग्रह में 78.5 प्रतिशत जनता ने इंडोनेशिया से स्वतंत्रता के पक्ष में अपना मत प्रकट किया।
- श्रीलंका के उत्तरी जाफना के बाहरी सीमाओं पर 2000 में श्रीलंका सेना तथा मुक्ति चीते के बीच हुए संघर्ष में 316 लोग मारे गये।
- सिडनी में 2000 को 27वें ओलम्पिक खेलों का शुभारम्भ।

### विशेष आलेख

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सामरिक सूचना के उजागर होने के खतरे

संजीव ठाकुर



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अमेरिका, रूस ,चीन, जापान और पश्चिमी देश जिस तरह गोपनीय तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं उससे विकासशील देशों की रक्षा सूचना के उजागर होने के खतरे बढ़ गए हैं इसमें विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सामरिक सूचना के उजागर होने के खतरे बढ़ गए हैंद्य जब तक इस विधा में पूरी तरह पारंगत नहीं हो जाते इस पर विशेष सावधानी रख का उपयोग किया जाना चाहिए अन्यथा इसका विपरीत असर भी पढ़ सकता है। सूचनाओं विदेशी तत्वों के हाथों में जा सकती है इसके अलावा आतंकवादी संगठन इसका उपयोग कर भारी तबाही मचा सकते हैं। निसंदेह यह दौर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का दौर है पर इसका उपयोग अतिरिक्त सावधानी के साथ किया जाना चाहिएद्यअब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज़ पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है। अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्त्र ,जॉर्डन,मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं. खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्त्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34% बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकेंद्य यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई हैद्य यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैंद्य दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैंद्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता हैद्य राइट एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें माननीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रपो गेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर खाड़ी के देशों ने एआई के इस्तेमाल पर दिशा निर्देश तय कर उसे जारी किया है हालांकि इस पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# श्रीमद भागवत कथा को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** गांव गोपालपुरा में मंगलवार को श्रीमद भागवत कथा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। श्रद्धालु मीठालाल, सुरज्ञान, नवयुवक मंडल अध्यक्ष रामनारायण चौधरी व शिवराज सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव के शिवालय में कथा वाचक पंडित रामकिशन शर्मा बिडोली के सानिध्य में विधिवत पूजा-अर्चना व ध्वज पूजन के बाद कलश यात्रा रवाना हुई। कलशयात्रा में युवक व युवतियां डीजे पर चल रहे मधुर भजनों पर नाचते हुए चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि कलशयात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। जहां पर विद्वान पंडितों द्वारा कलशों की स्थापना की गई। इस अवसर पर सूरज चौधरी, रामेश्वर चौधरी, रामदयाल चौधरी व पप्पूलाल चौधरी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### निवाई सामुदायिक अस्पताल में मरीज को गलत दवा देने का मामला

# 15 अगस्त पर सम्मानित होने वाले मुकेश अटल सहित पांच चिकित्सा कर्मियों को नोटिस, मांगा स्पष्टीकरण

### अस्पताल प्रबन्धन का दावा, स्पष्टीकरण और जांच में आया सामने कि मरीज को नहीं लगी गलत दवा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** निवाई सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती बुखार के मरीज को दस्त की दवा दिए जाने के मामले में अस्पताल प्रशासन ने नोटिस जारी कर पांच चिकित्साकर्मियों से स्पष्टीकरण (जवाब) मांगा है। बताया जाता है कि उक्त नोटिस पर कार्मिकों ने अपना जवाब भी पेश कर दिया है। जिन चिकित्साकर्मियों को नोटिस दिया गया उसमें नर्सिंग ऑफिसर मुकेश कुमार अटल भी शामिल हैं। मुकेश को श्रेष्ठ कार्य करने पर हाल ही १५ अगस्त पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में निवाई उपखण्ड अधिकारी द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

#### गलत दवा वितरण प्रकरण में इनको मिला नोटिस

अस्पताल सूत्रों के मुताबिक गलत दवा वितरण मामले में नर्सिंग आफिसर श्रीमती रमा चौधरी, योगेश कुमार शर्मा, सुरेश चन्द शर्मा, मुकेश कुमार अटल तथा राकेश मीना से स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्रकरण में २९ अगस्त को जारी नोटिस में सम्बन्धित को उसी दिन व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में स्पष्टीकरण देने को कहा गया था।



#### इनका कहना है

दवा वितरण में कोई गलती नहीं हुई थी निवाई अस्पताल में भर्ती बुखार के मरीज को गलत दवा देने के प्रकरण में सम्बन्धित कार्मिकों ने अपना-अपना स्पष्टीकरण दे दिया है। अस्पताल प्रबन्धन ने सभी पहलुओं की जांच के बाद पाया कि उक्त मरीज को गलत दवा दी ही नहीं गई थी। जिस दवा को देने का जिक्र किया गया है, वह दवा उस मरीज को नहीं लगाई गई थी। मरीज और उसके परिजनों के लगाए आरोप गलत है।

**डॉ के. के.विजय, प्रभारी, सामुदायिक चिकिजत्सालय, निवाई**

# शिवाड़ में लाइट बनी तमाशा : कभी लोड के कारण जल रही केबल तो कभी पूरे दिन तो कभी पूरी रात 33 केवी लाइन फाल्ट

जबढ़ता राजस्थान

**शिवाड़( नि.स. )** । कस्बे में विधुत विभाग के अधिकारियो के ध्यान नही देने से विधुत व्यवस्था के हाल बेहाल है मगर किसी का कोई ध्यान नही है और जनता में विधायक और विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है । कस्बे में शनिवार रात्रि को बड़ी स्कूल के पास केबलों में आग लगने से पूरी रात्रि लाइट नही आई जो रविवार प्रातः 10.30 बजे आई जिससे लोगो का गर्मी में जीना दुस्वार हुआ । लोगो का कहना है कि यहां डेढ़ माह से केबल पड़ी है मगर कर्मचारी और अधिकारियों के बहाने पूरे नही हो रहे है और केबल नही खेची जा रही है आये दिन कस्बे में केबल अत्यधिक लोड के कारण जल रही है मगर न लोड डिवाइड किया जा रहा है न विभाग के कर्मचारी नवीन केबल पूरे कस्बे में खेच रहे है उन्ही केबलों को जोड़ जोड़ के काम चला रहे है

#### सोमवार को भी 6 घंटे बन्द रही कस्बे की बिजली

वही चौथ का बरवाड़ा से शिवाड़ आ रही 33 केवी लाइन में हर एक दिन छोड़ एक दिन फाल्ट आ रहा है इस कारण पूरे दिन रात लाइट कटी हुई रहती है जबकि यहां इसके लिए झिलाई जिला टोंक से अलग लाइन 33 केवी की जुड़ी हुई है ताकि एक लाइन खराब होने पर दूसरी से लाइट चालू की जा सके मगर इस लाइन को काफी समय से टोंक जिले के अधिकारियों ने सिरस गॉव से हटवा रखा है जिससे ये केवल दिखावे के लिए लगी हुई है और इस मामले में स्थानीय विधायक चुप है और कोई कार्यवाही नही करवा रहे है । आये दिन चौथ का बरवाड़ा से शिवाड़ आ रही 33 केवी लाइन फाल्ट हो रही है । सोमवार को सुबह ही इस लाइन में फाल्ट आने से



दिन भर कस्बे सहित आस पास के सभी गॉवो की लाइट बन्द रही मगर किसी अधिकारी ने झिलाई लाइन से पावर सप्लाई चालू करने के आदेश देना उचित नही समझा । दिन भर सुबह से लाइट नही आने और इस उमस भरी गर्मी से सभी लोगो का हाल बेहाल रहा ।

#### दोनो अधिकारी अतिरिक्त चार्ज के भरोसे कैसे हो कार्य

विधुत विभाग के सहायक अभियंता चौथ का बरवाड़ा अस्थाई चार्ज से यहां लगे हुए है उन्हें खण्डार के साथ यहां का चार्ज मिला हुआ है वही कुस्तला कनिष्ठ अभियंता को शिवाड़ और भगवतगढ़ का अतिरिक्त चार्ज दिया हुआ है ऐसे में अधिकारीयो के पास लोड अधिक होने और दूरी अधिक होने से वो पूर्ण रूप से एक ही जगह ध्यान नही दे पा रहे है इस कारण यहां विभाग में पोल बनी हुई है यहां कोई ध्यान देने वाला नही है और स्थानीय विधायक इस मामले में चुप्पी साधे हुए है ।

# दतवास से तीसरी पदयात्रा शीतला माता की रवाना हुई



बढ़ता राजस्थान

**दत्तवास ( नि.स. )।** उप तहसील दतवास से तीसरी पदयात्रा शीतला माता चाकसू के लिए रवाना हुई। दशरथ सिंह ने बताया कि तेजाजी मंदिर से आचार्य ने पूजा अर्चना की। मुख्य अतिथि दयाराम गुर्जर ने पदयात्रियों को ध्वज देकर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा डीजे की धुन पर पदयात्री नाचते हुए गुर्जरों का मोहल्ला सुनारों का मोहल्ला ब्राह्मणों का मोहल्ला से बस स्टैंड होते हुए रवाना हुए। पदयात्रा रात्रि विश्राम चाकसू में करेंगी व सुबह 9 बजे शीतला माता के दर्शन करेंगे। पदयात्रा में रामावतार जांगिड़ गणेश सैनी देवराज गुर्जर प्रहलाद गुर्जर छोटूलाल मीणा लल्लू लाल सैनी छोटूलाल सैनी सुखदेव गुर्जर जयनारायण गुर्जर ग्यारसीलाल रेखा गोरा ममता रुक्मणी रोशनी गोमती सहित आदि श्रद्धालु थे।

# पुलिस की गोली से हुई हंसा की मौत के 19 साल बाद उसके बेटे देवराज को मिली लिपिक की नौकरी

### टोंक कलक्टर कार्यालय में मिली नियुक्ति

### वर्ष 2005 में पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने की थी फायरिंग

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( कासं )।** १३ जून २००५ को सोहेला में बीसलपुर बांध के पानी की मांग को लेकर राजमार्ग बाधित कर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस की फायरिंग में गोली लगने से हुई हंसा गुर्जर की मौत के १९ साल बाद उसके पुत्र देवराज को अनुकंपा नौकरी मिली है। देवराज को जिला कलक्टर कार्यालय में लिपिक पद पर लगाया गया है।

यह भी संयोग की बात है कि सोहेला गोलीकांड भाजपा की वसुन्धरा सरकार के समय हुआ और देवराज को भाजपा की भजनलाल सरकार में अनुकंपा नौकरी मिली।

उस वक्त पुलिस फायरिंग में गर्भवती हंसा सहित ५ की मौत हुई थी। घटना के बाद मौके पर आई तत्कालीन सीएम वसुन्धरा राजे ने मृतकों के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी। हंसा की मृत्यु के दौरान देवराज की उम्र एक साल के करीब थी।

#### मां की मौत के चार साल बाद पिता भी चल बसे

जिला कलक्ट्रेट सूत्रों के मुताबिक वर्ष २००५ में मां हंसा की मौत के बाद वर्ष २००९ में देवराज के पिता की भी मृत्यु हो गई। ऐसे में अनुकंपा नियुक्ति का मामला टल गया। हालांकि, इस बीच देवराज के पिता और उनके रिश्तेदार ने भी अनुकंपा नौकरी के लिए आवेदन किए थे, लेकिन किसी न किसी वजह से अनके आवेदन निरस्त हो गए। उधर, देवराज के पढ़ाई पूरी कर १८ साल की उम्र पार करने के बाद नियुक्ति की फाइल नए सिरे से चलाई गई। हाल ही भजनलाल शर्मा सरकार ने उसकी अनुकंपा नियुक्ति के आदेश जारी किए, जिसके बाद उसे लिपिक की नौकरी दी गई।

# दिव्यांगजनों को नि:शुल्क उपकरणों के लिए शिविर शुक्रवार तक

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** भारत सरकार की एडिप योजना के तहत जिले के पीपलू ब्लॉक में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों के नि:शुल्क वितरण के लिए शिविर 6 सितंबर तक लगेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक धर्मराज प्रतिहार ने बताया कि शिविर में एल्मिको, कानपुर की टीम ने विशेष योग्यजनों को उपकरण वितरण के लिए चिन्हित किया। उप निदेशक ने बताया कि बुधवार को ग्राम झिराना के अटल सेवा केंद्र में, गुरुवार को अटल सेवा केंद्र कठमाणा में तथा शुक्रवार को अटल सेवा केंद्र ग्राम सोहेला में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# गुंसी से बिजाष्ण माता इंद्रगढ़ के लिए पदयात्रा कल होगी रवाना

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/गुंसी।** ग्राम पंचायत गुंसी से बिजाष्ण माता इंद्रगढ़ के लिए 23 वीं पदयात्रा 5 सितंबर को रवाना होगी। पदयात्रा संचालक ग्यारसीलाल प्रजापत ने बताया कि गुरूवार को गांव के बीजाष्ण माता मंदिर से ध्वज पूजन के बाद सुबह 9-15 बजे पदयात्रा गाजे बाजे के साथ रवाना होगी। उन्होंने बताया कि पदयात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए गुजरेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा का पहला रात्रि विश्राम बरथल चौराहा निवाई बायपास पर होगा। 9 सितंबर की शाम पदयात्रा इंद्रगढ़ पहुंचेगी। 10 सितंबर को ध्वज अर्पण करने के बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा।

# मुख्यमंत्री जन सुनवाई कार्यक्रम में शिकायत कर सड़क निर्माण एवं नरेगा में भ्रष्टाचार की जांच की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**ज** ग्राम पंचायत मंडावर के ग्राम ढाणी देवगंज के ग्रामीणों की ओर से मंगलवार को मुख्यमंत्री की जन सुनवाई कार्यक्रम में पहुंच कर मुख्यमंत्री के ओएसडी को तीसरी बार शिकायत कर सड़क निर्माण और नरेगा में भ्रष्टाचार की जांच करवाने की मांग को लेकर बद्री लाल जाट, रामेश्वर जाट, राजराम, रामप्रसाद आदि ने बताया कि जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर जन सुनवाई कार्यक्रम में सीएम के ओएसडी राजकुमार सिंह से मिलकर गांव ढाणी देवगंज का नाम राजस्व रिकॉर्ड में ऑनलाइन दर्ज करवाने और आडी गडार से गांव देवगंज तक डामरीकरण रोड बनवाने, एवं नरेगा कार्य के भष्ट्राचार में लिप्त अधिकारी एवं कर्मचारियो खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाने की मांग की। ग्रामीणो ने बताया कि ढाणी देवगंज के लोगों ने पक्की सड़क की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार कर मतदान नही करने का फैसला किया था। ग्रामीण इस रास्ते को लेकर लगातार कई सालों से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को अवगत करवा रहे थे। लेकिन कोई रास्ता नहीं निकल पाया है।

जिसको लेकर ग्रामीण नाराज है। लोकसभा चुनाव के समय ढाणी देवगंज में सड़क निर्माण, अतिक्रमण हटाने व नरेगा में भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार की घोषणा की थी। उस समय जिला प्रशासन की ओर से मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। वही विधायक सचिन पायलेट ने भी ढाणी देवगंज में सड़क निर्माण करवाने का आश्वासन दिया था। इस अवसर पर रामकिशोर जाट, शिवाजी लाल माली, मनफूल माली, कन्हैया लाल माली, सरदार माली, ग्यारसी लाल माली, हनुमान जाट, बाबूलाल माली, राजाराम जाट, राम प्रसाद जाट, चौथमल जाट, कालूराम जाट, बाबूलाल जाट, महेंद्रपाल जाट, लादू जाट, रामस्वरूप जाट, रामेश्वर जाट, दीनदयाल जाट, ममता देवी,गीता देवी, अयोध्या देवी, लादी देवी, प्रेम देवी, धापू देवी,फोरंता देवी, कमला देवी, राधा देवी, मधु देवी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



# डीवाईएसपी मृत्यजंय मिश्रा ने बछड़े को दलदल से निकालकर बचाई जान

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** डीवाईएसपी मृत्यजंय मिश्रा ने अपने कार्यालय के जवानों के साथ एक बछडे को दलदल से निकालकर उसकी जान बचाई है। डीवाईएसपी मृत्यजंय मिश्रा ने बताया कि उनको सूचना मिली की 80 फिट रोड पर एक गाय का बछडा दलदल में फंसा हुआ हैं। सूचना पर उन्होंने मय स्टाफ के जवान रीडर भागचंद वर्मा रीडर, हेमराज बैरवा, मक्खन वर्मा व राजेश जाट के साथ मौके पर पहुँचे। जहां गाय का एक बछडा दलदल मे बुरी तरह से फंसा हुआ था। 80 फिट रोड पर कई लोग आ जा रहे थे, लेकिन किसी ने भी गाय के बछडे को बचाने का प्रयास नही किया। इस पर मृत्यजंय मिश्रा ने कार्यालय के जवानों की मदद से स्वयं कीचड मे उतरकर बछडे को बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। डीवाईएसपी मृत्यजंय मिश्रा के इस पुनित कार्य की निवाई शहर सहित ग्रामीण में सराहना की जा रही है।

### रैगर महासभा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

# देवली में आयोजित होगा रैगर समाज का पांचवा प्रतिभा सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** रैगर महासभा की जिला स्तरीय बैठक 1 सितंबर को मोती लाल बाडोलिया सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई । इस दौरान बैठक में 27 अक्टूबर को समाज का पांचवा प्रतिभा सम्मान समारोह देवली में करने का निर्णय लिया गया । उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेने वाले अपने आवेदन पत्र तहसील अध्यक्षों एवं समाज द्वारा नियुक्त किए गए व्यक्तियों को 30 सितंबर तक जमा करवा देवे ।शिक्षा सत्र वर्ष 2022-23 एवम् 2023-24 की कक्षा 10 एवं 12वीं में 75प्रतिशत या उससे अधिक, स्नातक व स्नाकोत्तर या समकक्ष स्तर की कक्षा में 70प्रतिशत या उससे अधिक अंको से उत्तीर्ण, उक्त शिक्षा सत्रों में कक्षा 6,10,11 के लिए नवोदय विद्यालय में चयनित , दिनांक16 अक्टूबर ,2022 से दिनांक 30.9.2024 तक की अवधि में नव पदस्थापित/ नियुक्त समाज के सभी राजकीय कर्मचारियों एवम् अधिकारीगण ( IIT, NEET UG& PG, MBBS, BVSC, BUMS, BHMS, BAMS, IIM समकक्ष) एवम् क्र।।ष्ठ में चयनित एवं उत्तीर्ण प्रतिभाएं पात्र होगी।

दिनांक 27.11.2022 से अब तक अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत, सरकारी / गैर सरकारी व्यक्ति /संस्था व उक्त स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके समाज को गौरवान्वित करने वाली समाज की प्रतिभाएं। जिला प्रतिभा सम्मान समारोह में 11000 या इससे अधिक का आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाह उक्त अवधि में दहेज नहीं लेने वाले एवं जामने में रुपए 101 से अधिक नही लेने वाले परिवार, गरीब , बैसहारा, अनाथ बच्चों के हित में कार्य एवं सामाजिक अत्याचारों का विरोध करने एवं उनके खिलाफ लडने वाले व्यक्ति एवं संस्था /संगठन समाज के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं मृत्यु भोज नही करने वाले एवं पगड़ी दस्तूर एवं आरतियां में रुपए 101 तक लेने वाले परिवार तथा समाज के सक्रिय कार्यकर्ता महासभा के शहर, ग्रामीण, ब्लॉक अध्यक्षगण , सक्रिय रहे जिला व तहसीलों के पदाधिकारी ,कार्यकारिणी सदस्य एवम् बिना पद के भी कार्य करने वाले आम कार्यकर्ता गण का भी सम्मान किया जायेगा।

# वर्मी कंपोस्ट इकाई स्थापित करने के लिए कृषकों को 50 हजार का दिया जा रहा अनुदान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** आधुनिक युग में खेती में रासायनिक खादों का अंधाधुंध प्रयोग हो रहा है। जिससे मृदा की उर्वरकता में कमी आ रही है। मृदा की उर्वरकता को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा वर्मी कंपोस्ट इकाई निर्माण की शुरुआत की गई है। इससे मृदा की जैविक व भौतिक स्थिति में सुधार लाया जा सकेगा। इससे मृदा की उर्वरकता एवं पर्यावरण संतुलन बना रहेगा।

रासायनिक उर्वरकों से खेती की बढ़ती हुई लागत को कम करने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पारंपरिक खेती की ओर किसानों का रुझान बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिससे फसलों को उचित पोषण मिलने पर उनकी पूर्ण वृद्धि होगी एवं किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्मी कंपोस्ट इकाई लगाने के लिए किसानों को इकाई लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5 हजार वर्मी कंपोस्ट इकाई लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्मी कंपोस्ट इकाई लगाने के लिए किसान के पास एक स्थान पर न्यूनतम कृषि योग्य 0.4 हेक्टेयर भूमि का होना आवश्यक है। कृषक राज किसान साथी पोर्टल या नजदीकी ई-मित्र केंद्र पर जाकर जन आधार के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए कृषक के पास न्यूनतम 6 माह पुरानी जमाबंदी होना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि जैविक खेती कम खर्च में उत्पादन बढ़ाने का साधन है। जैविक खाद द्वारा मिट्टी के साथ मनुष्य की सेहत भी दुरुस्त रहती है। ऑर्गेनिक फार्मिंग से मिट्टी की संरचना बेहतर रहती है और पर्यावरण को भी लाभ होता है। इससे मिट्टी में जीवाणुओं की संख्या और भूजल स्तर भी कायम रहता है।

# नोहटा एवं बारेड़ा रोड पर अवैध रूप से पड़े चेजा पत्थर के भण्डारण को किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** जिला उप वन संरक्षक मारिया शाइन के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी लक्ष्मीकांत जैमन के नेतृत्व में ग्राम पंचायत नोहटा एवं बारेड़ा रोड पर अवैध रूप से पड़े चेजा पत्थर के भण्डारण को रेंज निवाई और गश्तीदल टोंक द्वारा जब्त करके वनरक्षक चौकी नोहटा में सुरक्षार्थ रखा गया। कार्यवाही के दौरान गश्तीदल रेंजर कालूराम जाट, सहायक वनपाल मोहनलाल मीना, जगदीश गुर्जर, विनोद चौधरी, नाका प्रभारी रामराज मीना, बद्रीलाल भारी, बर्मा चौधरी व राजेश नायक सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।



# कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी : भूपेंद्र यादव

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** मंडल धन्यवाद एवं सदस्यता अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी अलवर शहर विधानसभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सदस्यता अभियान की शुरुआत की और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बूथ के कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही नतीजा है की अलवर में भारतीय जनता पार्टी की विजय हुई। यहां के कार्यकर्ताओं का काम करने का तरीका दूसरों के लिए प्रेरणादायक है। भाजपा के कार्यकर्त्ता सभी समाजों व वर्गों से जुड़े हुए हैं। भूपेंद्र यादव ने इस कार्यक्रम में मोबाइल नंबर 8800002024 पर मिस कॉल करा सदस्यता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासनकाल में सामान्य जन के जीवन में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आया है। कई कानूनों में बदलाव किया गया है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई गई है, राम जन्मभूमि का विवाद शांतिपूर्ण ढंग से निपटाया गया और अब भव्य राम मंदिर में लाखों श्रद्धालू दर्शन के लिए जा रहे हैं। वक्फ बोर्ड की जमीनों को बन रहे कानून को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ कानून ला रही है जिसकी समीक्षा की जा रही है इस कानून लाने का उद्देश्य यह है कि वक्फ की जितनी भी जमीन है उनका बेहतर उपयोग हो सके। सारी प्रॉपर्टी के विवाद को खत्म किया जा सके और यह इस कानून के द्वारा ही संभव है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि वे विगत 14 साल से पार्टी के राष्ट्रीय पदों पर रहे हैं - राष्ट्रीय मंत्री, राष्ट्रीय महामंत्री, 16 राज्यों के चुनाव के प्रभारी और इन सभी पदों पर सिर्फ एक ही बात महसूस की है। जहाँ जहाँ हम कार्यकर्ताओं से संपर्क में रहे हैं, उस राज्य में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है। जिन राज्यों में कार्यकर्ताओं से संपर्क टूटा, उसी राज्य भाजपा सत्ता से दूर हो गई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को निस्वार्थ भाव से ऐसे लोगों ने सींचा जो देश की बात करते थे, जिन्होंने मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया ताकि राष्ट्रीय सेवा का विचार सदैव जीवित रहे। अपने संबोधन में राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता उसकी मूल ताकत है। पंचायत से लेकर संसद तक, कोई चुनाव हो या देश में आई हुई कोई भी विपत्ति भाजपा का कार्यकर्त्ता पार्टी और समाज दोनों के साथ सदैव खड़ा रहता है। अलवर शहर में कार्यकर्ताओं ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में इतिहास रचने का कार्य किया है। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा की विगत सदस्यता अभियान के अंतर्गत अलवर दक्षिण जिला संपूर्ण राजस्थान में द्वितीय स्थान पर रहा था इस बार कार्यकर्ताओं के बल पर अलवर जिला संपूर्ण राजस्थान के अंदर प्रथम स्थान पर आएगा। कार्यक्रम में जिला प्रमुख बलवीर छील्लर,पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा, संजय सिंह नरूका महापौर घनश्याम गुर्जर, सदस्यता अभियान जिला संयोजक हरिशंकर खंडेलवाल, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल,जिला महामंत्री राम अवतार चौधरी शिवलाल मीणा जिला उपाध्यक्ष पंडित जले सिंह, देशराज वर्मा विष्णु शर्मा, रमन गुलाटी,मंत्री ऋषिराज शर्मा, अनु वाल्मीकि, मीना सैनी, प्रवक्ता जितेंद्र शर्मा, नरेश धानावत, जितेंद्र गोयल, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, विधानसभा संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान,रवि यादव, राजेंद्र सैनी,हरिस अरोड़ा,पूर्व सभापति अशोक खन्ना, सुनीता खांब्रा, शकुंतला सोनी,पार्षद सुमन चौधरी,सीताराम चौधरी,धीरज जैन,लोचन यादव सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डांग के बाबू का मंगलवार से शुरू हुआ लक्खी मेला

## मेले में तीन दिन में दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना, पुलिस प्रशासन के साथ राजस्व विभाग की टीम मेले में तैनात



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के डांग में स्थित बाबू महाराज का मंगलवार से लक्खी मेला शुरू हो गया। विधायक जसवंत गुर्जर ने मेले में पहुंचे बाबू महाराज को ढोक लगाई और महंत एवं बाबू के भगतो की मौजूदगी में बाबू की ज्योत को प्रज्वलित किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक जसवंत गुर्जर ने कूदिन्ना ग्राम पंचायत के थून स्थान पर लगने जा रहे इस तीन दिवसीय मेले को लेकर सभी ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाबू महाराज न केवल गुर्जरों के बल्कि हर समाज और धर्म की आस्था का केंद्र है। बाबू को जो भी मन से आवाज लगाता है बाबू उसकी सुनवाई करते है। ऐसे में यहां हजार किलोमीटर दूर से भी श्रद्धालु बाबा को ढोक लगाने पहुंचेंगे। ऐसे में तमाम तरह की तैयारी को पूर्व से ही की जाए जिससे मेले में पहुंचने वाले लोगों को परेशानी नहीं हो।

बाबू महाराज मेले के शुभारंभ मौके पर बाबू महाराज सेवा समिति के अध्यक्ष मास्टर भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि यह लक्खी मेला आज से तीन दिन तक चलेगा। प्रथम दो दिन विभिन्न स्थानों से लाई गई कावड़ों को काबू पर चढ़ाया जाएगा। विशेष तौर पर कांवड़ियों के लिए ही यह दो दिन निश्चित किए गए हैं। जिससे गुरुवार को लगने वाले मेले में किसी प्रकार की ना तो कावड़ियों को परेशानी हो और ना ही श्रद्धालुओं को मेले में बाबू को दर्शन करने में दिक्कत आये। ऐसे में मंगलवार सुबह से ही कावड़ चढ़ना शुरू हो गया है और जैसे-जैसे हरिद्वार एवं सोरों से कावड़ियों के दल पहुंचेंगे उनको बाबू पर चढ़ाया जाएगा। बाबू महाराज मेला कमेटी के पदाधिकारी राममुकुट गुर्जर ने बताया कि 3 दिन तक बाबू के इस मेले में 10 लाख से अधिक लोगों की पहुंचने की संभावना है।

मध्यप्रदेश,उत्तर प्रदेश के निकटवर्ती जिलों से तो हजारों की संख्या में लोग आएंगे ही,दिल्ली और एनसीआर से सबसे अधिक लोग यहां पहुंचेंगे। ऐसे में कूदिन्ना ग्राम पंचायत के पांच गांवों के साथ आसपास के क्षेत्र के सभी युवाओं को मेले में सहयोग करने के लिए लगाया गया है और विभिन्न रास्तों पर भी युवाओं की टोली तैनात की है।

### चार थानों का जाप्ता लगाया सुरक्षा में

मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बाड़ी एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़ के निर्देश पर चार थानों के जाप्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए मेले में जगह-जगह लगाया गया है। जो सोने का गुर्जा एसएचओ की मॉनिटरिंग में काम करेंगे। इनमें सदर थाना,वसई डांग थाना और बाड़ी कोतवाली थाने के अधिकारी और पुलिस जवान अलग-अलग जगह तैनात किए गए हैं। जो मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखेंगे। क्योंकि सीमावर्ती जिलों से अपराधी और बदमाश गिरोह की मेले में पहुंचने की संभावना रहती है।

# भासू गांव की नन्हीं प्रतिभा कृषा वैष्णव ने दर्ज कराया एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम

- तीन मिनिट 48 सेकंड्स में लव-कुश रामकथा का सबसे तेज पाठ कर बनी ग्रैंड मास्टर
- एक साल पहले इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दो बार दर्ज हो चुका है इस बालिका का नाम

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिले में टोडारायसिंह उपखंड के भासू गांव की एक नन्हीं होनहार बालिका कृषा वैष्णव ने लवकुश रामकथा का सबसे तेज पाठ कर अपना नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। महज आठ साल की उम्र में यह बड़ी उपलब्धि अर्जित करने पर उसे ग्रैंड मास्टर का खिताब दिया गया है। बालिका ने तीन मिनिट 48 सेकंड्स में यह पाठ पूरा कर पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले यह रिकॉर्ड आठ मिनिट से भी अधिक समय के साथ मध्यप्रदेश के एक ग्यारह वर्षीय बालक




विवान कुमार के नाम दर्ज बताया गया।

**शुरू से ही असाधारण प्रतिभा के लक्षण :** कृषा के माता-पिता के अनुसार कृषा बचपन से ही धार्मिक और पौराणिक कथाओं में रुचि रखती है, जिसे परिवार और शिक्षकों की ओर से भरपूर समर्थन दिया गया।

### दो बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी नाम

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी इस बालिका ने मात्र सात साल की उम्र में दो बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाया है। जहां संस्कृत का स्पष्ट उच्चारण करना भी हर किसी के बस की बात नहीं, वहीं खेलने कूदने की उम्र में इस नन्हीं बालिका ने संस्कृत में आदित्य हृदय स्तोत्र के 31 श्लोकों को महज 2 मिनट 18 सेकंड में पाठ कर यह अनूठी उपलब्धि हासिल की थी। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के लिए ही उसने दूसरा रिकॉर्ड सबसे तेज गति से रामकथा पूरी कर बनाया।

### प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं

कृषा की इन उपलब्धियों ने यह साबित कर दिया है कि हौंसला व लगन हो तो, छोटे से गांव से भी बड़े सपने देखना और उन सपनों को पूरा करना कोई मुश्किल काम नहीं हैं। लक्ष्य पर एकाग्रता हो तो देश व दुनिया में ऊंचा मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस नन्हीं बालिका ने यह भी दिखा दिया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। कृषा की इस उपलब्धि के बाद उसके गांव में खुशी का माहौल है।

कृषा के पिता डॉ जयराज वैष्णव भीलवाड़ा में महात्मा गांधी हॉस्पिटल में एसोसिएट प्रोफेसर ईएनटी विभाग में कार्यरत है। उन्होंनें बताया कि कृषा जब पांच साल की थी, तभी उसने अपनी आवाज में शिव तांडव स्त्रोत, महिषासुर मर्दिनी, हरी स्तोत्रम और राम कथा के म्यूजिकल एलबम बनाएं थे, जिनको लेकर कृषा काफी सुर्खियों में रही। कृषा अभी तीसरी कक्षा की छात्रा है। कृषा संगीत और अन्य कलाओं में भी अपनी रुचि रखती है। इसके चलते वह संगीत की शिक्षा भी ले रही है। साथ में वह वाद्य यंत्रों का भी बेहतर तरीके से वादन करती है। कृषा को गायन और वादन दोनों में अच्छी कुशलता हासिल है। बालिका की माता कृति वैष्णव उसे हर प्रकार से प्रोत्साहन देती है।

# पुलिस ट्रेंनिग स्कूल में वन्यजीवों की जानकारी दी गई



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मंगलवार को डब्ल्यूआरआरसी टीम के अध्यक्ष विवेक जसाईवाल द्वारा , पुलिस ट्रेनिंग स्कूल ठेकड़ा में 150 जवानों को वन्यजीवो से खुद की व अन्य लोगो की सुरक्षा करने के गुर , जवानों को सिखाए गए । सभी जवानो ने वन्यजीवों से जुड़े अपने कहानियों और तजुर्बो को साझा किया । विशेषकर सापों , गोहरो से जुड़े अंधविशास पर जवानों ने सवाल किए । जिसका जवाब देते हुए वाइल्डलाइफ रिसर्च एंड रेस्क्यू सेंटर के अध्यक्ष ने बताया की सांपों के जहर का इलाज कुछ लोग झाड़ फूंक करके करने का झूठा दावा करते है जो पूर्णत: गलत है ।

इसी के चलते अधिकतर लोग मरीज को हॉस्पिटल ले जाने में देरी कर देते है और उसकी मौत हो जाती है । विवेक ने बताया की देश में हर साल करीब डेढ़ लाख लोग सर्पदंश से अपनी जान गवा देते है । मरने वाले मामलो में मृत्यु का मुख्य कारण मरीज को हॉस्पिटल नही ले जाना होता है । सर्प दंश के इलाज में काम आने वाली एंटी वेनम दवा इतनी ज्यादा कारगर है की अगर मरीज को समय रहते हॉस्पिटल ले जाया जाय तो मरीज की जान शत प्रतिशत बचाई जा सकती है। टीम ने विपरीत परिस्थितियों ने सभी जवानों ने जंगलों में रहने के गुर सीखे ।

विशेषकर बारिशों में असल खतरा बड़े जीव नही अपितु छोटे जीव हो सकते है। जिनसे भी बचाव के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया ।

इस कार्यक्रम में कमांडेंट अंजली अजीत जोरवाल , इंस्पेक्टर जितेंद्र नवारिया , सब इंस्पेक्टर राजू सिंह , रामकरण , हरभजन , प्रहलादराम, हेड कांस्टेबल सतीश , विजय सिंह एवं समस्त प्रशिक्षणार्थी रहे ।

# पोषण माह के अन्तर्गत गतिविधियों का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर(नि.स.)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में मनाए जा रहे पोषण माह अंतर्गत मंगलवार को धौलपुर शहर, ग्रामीण, जाटौली और बीलपुर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की सेक्टर बैठक में प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के विशेष प्रशिक्षण सत्र रखे गए। इस अवसर पर विभाग के उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने बताया कि पोषण माह में 16 सितम्बर तक प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों व ब्लॉक स्तर पर विशेष अभियान चलाकर प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के आवेदन ऑनलाईन किये जायेगें तथा ऑनलाईन किये गये आवेदनों को महिला पर्यवेक्षक एवं सीडीपीओ द्वारा सत्यापित किया जायेगा। मंगलवार की बैठकों में इस योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। गर्ग ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है जिसमे प्रथम बच्चे के जन्म पर (लड़का व लड़की दोनो पर) लाभार्थियों का आनलाईन पंजीकरण होने पर पात्रता के अनुसार निर्धारित शर्तो के उपरांत तीन किश्तों में 6500 रूपये नगद प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में जमा की जाती है। राजस्थान सरकार की परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना अन्तर्गत 1 सितम्बर या उसके बाद दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को रू.10000 दी जायेगी।

# बीसलपुर के वन क्षेत्र में मिले दो नरकंकाल, इलाके में मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी



बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। जिले के टोडारायसिंह कस्बे से बीसलपुर की तरफ स्थित पहाड़ी क्षेत्र के जंगल में मंगलवार को दिन ढलते दो नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों द्वारा इस घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सुरेंद्र गोदारा अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई, जिसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक विनीत बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र चौधरी, और डीएसपी हर्षित शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत एफएसएल और फॉरेंसिक टीमों को भी मौके पर बुलाया है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच के बाद दोनों कंकालों को सीएचसी मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है। कल बुधवार को सुबह से इनकी शिनाख्त के प्रयास किए जाएंगे, ताकि यह पता चल सके कि ये कंकाल किन व्यक्तियों के हैं और उनकी मृत्यु के कारण क्या थे। इस घटना से स्थानीय लोगों में भय और चिंता का माहौल बन गया है। पुलिस द्वारा इस मामले के हर पहलू की गहराई से छानबीन की जा रही है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी द्वारा बाल श्रम के संबंध में जारी दिशा निर्देशो के अनुरूप बालकों को शिक्षा से जोड़ने, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम में भुगतान आदि कार्यवाही भी जिला टास्क फोर्स द्वारा संपादित की जायेगी। चाइल्ड हेल्पलाइन की ओर से कार्यवाही में वीपी सिंह तोमर, अरविंद आदि सम्मिलित थे।

# प्रदेश के किसान सीखेंगे विदेश की हाईटेक खेती के गुर ज्ञान संवर्धन प्रोग्राम के अंतर्गत चयनित किसान जाएंगे विदेश

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष किसानों की क्षमता में वृद्धि के लिए ज्ञान संवर्धन प्रोग्राम के तहत राज्य के किसानों को विदेशों मे होने वाली हाईटेक खेती के गुर सिखाने की योजना पर काम शुरू किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के किसानों को विदेश में भ्रमण करवाया जाएगा। भ्रमण के दौरान किसान कम भूमि और कम पानी मे पॉलीहाउस व ऑफ सीजन में बेहतर खेती व पशुपालन करने के तरीके सीखेंगे।

जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञान संवर्धन प्रोग्राम के तहत होने वाले भ्रमण के लिए प्रदेश के दस कृषि संभागो से किसानों का चयन किया जाएगा। इसमें जयपुर संभाग से सोलह ऐसे किसानों का चयन किया जाएगा, जो खेती, बागवानी और डेयरी में विशेष उपलब्धि के लिए पहचान रखते हैं। इसके लिए किसान खुद राजकिसान साथी पोर्टल पर दस सितम्बर तक पंजीकरण कर सकेंगे। उपनिदेशक उद्यान गोपाललाल मीणा ने बताया कि आयुक्त उद्यानिकी विभाग जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार प्रथम चरण के चयन के लिए सभी जिलों के लिए विस्तृत गाइड लाइन जारी कर दी गई हैं। योजना में चयन हेतु वे किसान पात्र होंगे, जिनकी उम्र 50 साल से कम, माध्यमिक स्तर तक शिक्षित व वैध पासपोर्ट धारक हो, साथ ही उनके विरूद्ध कोई संज्ञेय अपराधिक प्रकरण भी लम्बित न हो। इनके अलावा वह कृषक पंचायती राज संस्था, वाटरयूजर एसोसिएशन, कृषि मंडी आदि मे विगत दस वर्षों में किसी पद पर रहा हों या एफपीओ का सदस्य रहा हो। यह भी जरूरी है कि चयनित किसान दस सालों से कृषि कर रहा हो तथा उसके नाम कम से कम एक हैक्टेयर भूमि का स्वामित्व हो। उन्होंने बताया की पशुपालन मे चयन के लिए सम्बन्धित कृषक अपने क्षेत्र मे अगवा पशुपालक के रूप मे जाना जाता हो। कृषक कम से कम बीस गाय एवं भैस की डेयरी या दस ऊँट, पचास भैड़ एवं बकरी का स्वामित्व रखता हो तथा विगत दस वर्षों से डेयरी या पशुपालन पेशे से जुडा हुआ हो।

# साइबर फ्रॉड से बचने के लिए श्री सुधासागर स्कूल में सेमिनार का आयोजन, बैंक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को दिए उपयोगी टिप्स

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बचाने व इसके प्रति उन्हें सजग व जागरूक रखने के संबंध में उपयोगी टिप्स देने के लिए मंगलवार को केकड़ी के सापंदा रोड स्थित श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल में इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के तत्त्वावधान में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में बैंक के शाखा प्रबन्धक प्रवेश जैन ने स्कूल के विद्यार्थियों को इस



सम्बंध में मार्गदर्शन देते हुए बताया कि आरबीआई, सीबीआई या किसी भी अन्य एजेंसी का हवाला देकर किसी अधिकारी के नाम से आने वाले कॉल को ब्लॉक करें। अपने आधार कार्ड, पेन कार्ड की कॉपी व फोन पर आने वाले ओटीपी नम्बर सहित कोई भी महत्त्वपूर्ण या निजी जानकारी किसी से साझा न करें। उन्होनें छात्र-छात्राओं से कहा कि वे अनजान व्यक्तियों से कभी घनिष्ठता न करें। किसी भी प्रकार के लालच व लॉटरी के प्रलोभन से बचे। साथ ही इंस्ट्राग्राम या व्हाट्सअप पर किसी अनजान व्यक्ति को लाइक व फॉलो न करें तथा किसी के कहने पर कोई भी एप व लिंक डाउनलोड ना करें। जरूरत पड़ने पर साइबर फ्रॉड की शिकायत फोन नम्बर 1930 पर दर्ज करावें।



# हाइवे के बामनी नदी पुल से जा भिड़ी बाइक को बचाने के चक्कर में कार

## एक महिला सहित कार सवार चार लोग चोटिल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी के सरमथुरा रोड पर बामनी नदी के पुल पर मंगलवार की शाम 4 बजे के करीब सड़क हादसा हुआ है। उक्त दुर्घटना में एक कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से जा भिड़ी लेकिन गनीमत यह रही कि कार रेलिंग को तोड़ते हुए नदी में नहीं गिरी। अन्यथा कोई भी बड़ी जनहानि हो सकती थी। दुर्घटना में कार सवार एक महिला सहित चार लोग चोटिल हुए हैं। जिनमें से मौके पर केवल दो ही लोग मिले हैं। बाकी लोग किसी अन्य साधन से बैठकर कहीं चले गए हैं। घटना को लेकर घायल कार सवार मुरैना निवासी जीतू सिंघानिया ने बताया कि वह कार का चालक है। कुछ लोग उसकी कार को किराए पर लेकर कैलादेवी दर्शन करने जा रहे थे। जैसे ही वह बाड़ी से निकलकर बामनी नदी पुल के पास पहुंचे,एक बाइक अचानक से रॉन्ग साइड आ गई। जिसको बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई जो पुल पर बनी रेलिंग से जा भिड़ी।

इस दौरान कार में बैठे सभी लोग चोटिल हो गए। आसपास के लोगों ने जब आवाज सुनी तो भागते हुए सभी को कार से बाहर निकाला। एक महिला सहित दो लोग मौके से गायब हो गए। कार चालक जीतू सिंघानिया और एक अन्य युवक राजू मौके पर घायल अवस्था में पड़े रहे। बाद में सूचना पर पहुची कोतवाली थाना पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भर्ती कराया ।

# मौसमी बीमारियो से बचाव हेतु भारत विकास परिषद एवं आयुर्वेद विभाग 3 से 5 सितं. तक कपासन में काढ़ा वितरण करेगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए क्षेत्रीय भारत विकास परिषद एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आमजन में आयुर्वेदिक काढ़े का वितरण किया गया।

भारत विकास परिषद कपासन के अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि क्षैत्र मे पैर पसारती मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु नगर में स्थित रामलालजी सोमानी की धर्मशाला के बाहर 2500 लोगो को आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया।उक्त कार्यक्रम का आयोजन भारत विकास परिषद कपासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे किया गया।



उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद कपासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में उक्त काढ़ा वितरण कार्यक्रम का 3 से 5 सितंबर तक प्रतिदिन प्रात- 9 से 11 बजे तक आयोजन किया जायेगा।

साथ ही 5 सितंबर प्रात- 9 से दोपहर 2 बजे इसी धर्मशाला मे आमजन हेतु आयुर्वेद शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमे वैद्य बबीता मीना द्वारा रोगियों की जाँच एवं नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया जायेगा।साथ ही जरूरतमंद को नि:शुल्क दवा वितरित की जायेगी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु वैद्य मुरलीमनोहर जोशी,डॉ. शुभम, पवन सिंह रावल, रमेशचंद्र शर्मा,रतनलाल आचार्य, रतनलाल उपाध्याय, बादशाह सिंह, भगवतीलाल सोमानी, रोशनलाल विजयवर्गीय, नंदलाल बोहरा, ओमप्रकाश न्याती, दिलीप सोमानी, लक्ष्मीलाल सोनी, अनिल जीनगर, मांगीलाल बंजारा, निर्मल मंडोवरा आदि परिषद सदस्यों द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# राम के नाम पर राज मे आये,राज मे आते ही राम को भूले : राखी गौतम



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर में विभिन्न स्थानों पर विगत कई वर्षों से नगर निगम कोटा द्वारा संचालित होने वाली रामलीला एवं रामकथा की परंपरा को इस वर्ष भाजपा सरकार एवं मेला समिति द्वारा अपनी मनमानी करके बंद करने का निर्णय लिया हैं। उक्त निर्णय से नाराज होकर महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम ने संभागीय आयुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमे गौतम ने बताया कि प्राचीन समय से कोटा मे दशहरा मैदान के अलावा 6 विभिन्न स्थानों पर रामलीला एवं रामकथा का सुन्दर आयोजन किया जाता था। जिसमे हजारों की संख्या मे भक्तगण आयोजन का लाभ प्राप्त करते थे। जिसमे रामकथा श्रवण एवं रामलीला का मंचन देखने से बच्चों मे अनुशासन सहित अनेक संस्कारों का विकास होता हैं। परंतु हाल ही भाजपा सरकार के धार्मिकता के नाम शहर की जनता के साथ धोखा किया जा रहा हैं। गौतम ने यह भी बताया कि यह सरकार राम के नाम पर राज मे आई हैं और राज मे आने उपरांत से राम को भूल गई हैं। भाजपा सरकार द्वारा देश एवं प्रदेश के चुनावों में राम मंदिर अयोध्या के नाम पर भरसक प्रचार प्रसार करके सत्ता मे आये। सत्ता मे आने उपरांत से ही शहर मे धर्म के नाम पर राजनीति कर प्राचीन समय से संचालित रामलीला एवं रामकथाओं के मंचन पर रोक लगा दी।

गौतम ने कहा कि आखिर कहा गये वो सांसद व विधायक जिनके द्वारा चुनावों से पूर्व हर घर जय श्री राम के झंडे लगाए तथा चुनावी रैलियों मे जय श्री राम के नारे लगाऐं। हर घर भगवा छाऐगा राम राज फिर आऐगा सहित अनेक राम जी के नारों का उपयोग कर सरकार मे आऐ। सरकार मे आने उपरांत राम को समर्पित आयोजन को बन्द करना निंदनीय कार्य हैं। गौतम ने बताया कि आगामी आठ दिवस मे यदि नगर निगम व मेला समिति द्वारा रामलीला एवं रामकथा को पुन: प्रारम्भ नही किया गया तो शहर के आमजन के साथ उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देते समय नगर निगम कॉंग्रेस पार्षदगण , जिला कॉंग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सहित अन्य कॉंग्रेस पदाधिकारी , कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवाओं द्वारा रक्तदान करना एक अनुकरणीय पहल

## खून से खून का रिश्ता जोड़ने का नायाब तरीका है रक्तदान : गुप्ता

### कॉलेज स्टूडेंट और उनके शिक्षकों ने किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** युवाओं द्वारा रक्तदान करना कोटा शहर में एक अनुकरणीय पहल बन गया है। कॉलेज स्टूडेंट यदि रक्तदान के क्षेत्र में आगे आकर सेवा का भाव रखते हैं तो देश इस दिशा में तेजी से आगे बढेगा और जरूरतमंदों की समय पर मदद संभव हो सकेगी। यह बात रक्तदान शिविर के दौरान अतिथियों ने कही। कोटा कॉलेज आफ फार्मेसी, कोटा पॉलीटेक्निीक कॉलेज, कोटा कॉलेज आफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में लायंस क्लब कोटा टेक्नो के सहयोग से रानपुर क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। निदेशक व लायंस क्लब कोटा टेक्नो के सदस्य सिद्धार्थ गुप्ता और प्रियंका जैन ने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। ब्लड डोनेशन चेयरमैन भुवनेश गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर के दौरान 71 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. आरए गुप्ता ने कहा कि युवा जिस तरह से सेवा के क्षेत्र में आगे आ रहे हैं यह रक्तदान के क्षेत्र में सार्थक पहल है। फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश चंद नागर, पॉलीटेक्नीक कॉलेज के देवेश गोचर, कोटा कॉलेज आफ एजुकेशन के डॉ बीएल मेहरा ने भी रक्तदान कर स्टूडेंटस का उत्सावर्धन किया।

# नवीन राजकीय महाविद्यालय राशमी में आज से प्रवेश प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नवीन राजकीय महाविद्यालय राशमी में प्रथम वर्ष कला में बुधवार से प्रवेश प्रारंभ हो गये है।जिसके तहत अभ्यर्थी 4 से 14 सितंबर तक ऑफलाइन आवेदन सुभाषचंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय कपासन में जमा करवा सकेंगे।इसके बाद अभ्यर्थियों की अंतरिम प्रवेशित एवं परीक्षा सूची का प्रकाशन 17 सितंबर को किया जायेगा।साथ ही विद्यार्थियो द्वारा फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 21 सितंबर तथा अंतिम प्रवेश सूची का प्रकाशन एवं शिक्षण कार्य 23 सितंबर से प्रारंभ होगा।अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है।राज्य सरकार द्वारा महाविद्यालय को आवंटित विषय हिंदी साहित्य,संस्कृत,समाजशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य, राजनीति विज्ञान,इतिहास एवं भूगोल है।अभ्यर्थी अंग्रेजी साहित्य एवं समाजशास्त्र में से कोई एक विषय ले सकते है।

# धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान विश्वकर्मा जयंती

## विश्वकर्मा दिहाड़ी मजदूर संघ द्वारा तैयारियां जोरों पर

बढ़ता राजस्थान

**अंता, (नि.स.)।** विश्वकर्मा दिहाड़ी मजदूर संघ अंता के, द्वारा मंगलवार को पंचायत समिति के पास मजदूर संघ कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता शंकर लाल मेहरा द्वारा की गई। बैठक में 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाने का निर्णय लिया गया ।16 सितंबर को आर्केस्ट्रा का रंगारंग कार्यक्रम रखा गया,17 सितंबर को शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सभी सदस्यों द्वारा सहमति दी गई। इस दौरान हरिप्रसाद, रामप्रसाद, रामस्वरूप ,लालचंद मेघवाल, शंभू दयाल, श्याम बिहारी मेरोठा, नंदकिशोर मेघवाल, प्रेम प्रकाश सुमन, रमेश चंद सुमन, नरेंद्र प्रजापत आदि सदस्य मौजूद थे।

# पयुर्षण पर्व आराधना में अभिनव सामायिक दिवस समता का नाम सामायिक है : मुनि प्रकाश कुमार

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** तेरापंथ सभा के मंत्री ललित सुराना ने बताया कि मीरानगर वर्धमान स्थानक में मुनि प्रकाश कुमार ने सामायिक अनुष्ठान पर बोलते हुए कहा कि जैन दर्शन में सामायिक का बड़ा महत्व है। सामायिक के मुख्य दो प्रकार है। सावधिक और यावज्जीवन पर्यंत। श्रावक के लिए सावधिक यानि वह 48 मिनिट की एक से लगा कर जीतनी करना चाहो कर सकता है। सामायिक में पापकारी (सावज्जंजोग) काम का 48 मिनिट तक का त्याग करता है। सामायिक 6 कोटि 8 कोटि, 9 कोटि सामायिक भी होती है। जैसी अपनी क्षमता, वैसा त्याग सामायिक में करता है। देखा जाए तो इसमें महत्वपूर्ण बात है। गृहस्थ के सावध हिंसा जन्य पापकारी कार्य को कितना छोड़ सकता है। उसमें समता देखी जाती है। जो संत बनता है वह जीवन भर के गृह कार्य छोड़ने की समता धार लेता है। इसीलिए संतोषी एवं महापुरुष की कोटि में आ जाता है।

भोग, विलासिता, संग्रह, हिंसा, स्वास्थ, लोठा की वृत्ति समता संतोष आए बिना नहीं छूटती। ये छूटे बिना आत्मा के लगने वाले पाप कर्म रूकते नहीं। रूकते नहीं तो आत्मा कर्मों से पहले ही भारी है। कई जन्मों से और भारी बनेगी तो दुर्गति में जाएगी। इसलिए सामायिक का संकल्प। सावज्जंजोगं, पच्च खामी। का त्याग संकल्प करने से पापों से बच जाता है।

मुनि प्रसन्न कुमार जी ने भी सामायिक पर बोलते हुए कहा - शुद्ध सामायिक यानि सामायिक के काल मान में मन, वचन और काया से 32 दोष लगने की संभावना रहती है। इसलिए दोषों से बचने के लिए आचार्य श्री तुलसी ने अभिनव सामायिक का अनुष्ठान प्रयोग चलाया जिससे सामायिक में स्वाध्याय के विभिन्न प्रयोग चलते रहे। जैसे जप, स्तुति, स्तवन, ध्यान कार्योत्सर्ग आदि आध्यात्मिक प्रयोग से व्यस्त रहता है। अप्रमत्ता रहती है। दूसरी तरफ ध्यान ही नहीं जाता। इसीलिए धार्मिक स्थानों में सामायिक करने से एकाग्रता रहती है। घर में करने से, घर के माकों की तरफ ध्यान जाता है।

# पुलिस उप अधीक्षक सोजी लाल मीणा ने मीडियाकर्मी के साथ पौधा रोपण कर मनाया जन्म दिवस



बढ़ता राजस्थान

**अंता (नि.स.)।** पुलिस उप अधीक्षक सोजी लाल मीणा ने पौधा रोपण कर सादगी के साथ अपना 54 वां जन्मदिन मनाया। वही प्रेस क्लब अंता द्वारा इस मौके पर मीणा का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। मीणा ने कहा कि एक पेड़ देश के नाम का संदेश देते हुए कहा कि इस समय पेड़ पौधे लगाने की सक्त जरूरत है। क्योंकि पेड़ पौधे ही मनुष्य जीवन के लिए सुख दायक है इनके अधिक मात्रा में होने से बारिश अच्छी होती है कई प्रदूषणों से भी बचाव होता है। इसलिए हर व्यक्ति को किसी न किसी माध्यम से पौधारोपण करते रहना चाहिए और साथ ही उसकी देखभाल की भी जिम्मेदारी निभानी चाहिए पौधा रोपण करना आसान है लेकिन उसकी देखभाल करना बहुत मुश्किल है तो हमे पौधे लगाने के साथ साथ उसकी देखभाल की भी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इस दौरान प्रेस क्लब टीम के चंद्र प्रकाश गोचर, घनश्याम दाधीच पत्रकार, दिवेश शर्मा, शफीक मंसूरी, हरिओम तिवारी,आलोक बादल, दीपक चौरसिया, कमल चौहान,मुकेश गोचर, हनीफ भाई सहित पुलिस स्टाफ से अवतार सिंह मौजूद रहे।

# भगवान महावीर के 27 भवों का विस्तार से वर्णन किया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला(नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला में पर्युषण पर्व के चौथे दिन मंगलवार को जैन श्वेताम्बर मंदिर उपाश्रय में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी सौम्य रत्ना श्रीजी ने कल्प सूत्र का वाचन करते हुए भगवान महावीर के 27 भवों का विस्तार से वर्णन किया। कल्पसूत्र में बताते हैं कि कैसे महावीर स्वामी की माता देवानंदा चौदह स्वपन देखती है और स्वप्नों का क्या फल होता है और यह भी बताया गया की कल्पसूत्र हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। उन्होंने कहा कि जप, तप, आराधना सम्यक भाव जागृत करता है। सम्यक भाव जागृत होने पर सम्यक दर्शन संभव है। इसके लिए ईश्वर के प्रति अटूट आस्था जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि जिनवाणी को आत्मसात तभी किया जा सकता है जब सम्यक भाव हमारे अंदर हों। एकबार जब यह भाव जाग जाता है तो सम्यक दर्शन से उसे कोई रोक नहीं सकता है। सम्यक भाव ही मोक्ष प्रदान करता है, लेकिन आज हमारे भावों में स्वार्थ भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दस श्लोक याद कर लेने मात्र से कोई ज्ञानी या पंडित नहीं हो जाता है। विद्धता तो भावों की निर्मलता है। वाचन से पूर्व कल्पसूत्र जी को मंगलवार सुबह मोहनलाल चंपालाल परिवार के घर से श्री संघ द्वारा बेंड बाजों के साथ जुलूस के रूप में मंदिर में लाया गया। जैन सुधर्म भवन में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए संत इंद्रेश मुनि ने कहा धर्म स्थानक धर्म सभा में शालीन कपड़े पहने चाहिए फैंसी ड्रेस तुच्छता का प्रतीक होती है हमे मर्यादा में रहना चाहिए जैन सुधर्म भवन में महाराज श्री के सानिध्य में प्रतिदिन कई धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है।

# राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत किया नेत्रदान जागरूकता पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** 39वे राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत मेडिकल कॉलेज कोटा ने प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक कार्यालय एमबीएस हॉस्पिटल में नेत्रदान जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया।

नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार मीणा ने बताया कि भारतवर्ष में 39वा नेत्रदान पखवाड़ा बनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज कोटा में आमजन में जागरूकता के लिए नेत्रदान जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया। डॉ. मीणा ने कहा कि विभाग में 24 घंटे नेत्रदान की सुविधा उपलब्ध है। नेत्रदान के लिए नेत्र विभाग के किसी भी डॉक्टर एव नेत्रदान सलाहकार भूपेन्द्र सिंह हाड़ा के नंबर 9928258991/ नेत्रदान टेक्नीशियन हेमंत यादव 9649734725 पर किसी भी समय संपर्क कर सकते है।

मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक नियंत्रक डॉ. संगीता सक्सेना ने बताया कि नेत्र विभाग द्वारा 140 कार्निया का संग्रहण कर लिया गया है एवं विभाग लगातार नेत्र प्रत्यारोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम को शहर एवं ग्रामीण स्तर तक पहुंच जाएगा।

कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ संगीता सक्सेना, एमबीएस हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ धर्मराज मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जगदीश सोनी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णैया, नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक मीणा, स्काउट एवं गाइड के पूर्व मंडल सचिव यज्ञदत्त हाड़ा, कशिश एनजीओ के पंकज शर्मा, नेत्र विभाग के चिकित्सक डॉ जय श्री सिंह, डॉ वंशिका अरोड़ा, डॉ पूजा कपाड़िया, डॉ अनीता गाठ, डॉ प्रियंका आर्य, डॉ उपेंद्र बेनीवाल, डॉ कमलेश मीणा, नेत्रदान सलाहकार भूपेंद्र सिंह हाडा, नेत्रदान टेक्नीशियन हेमंत यादव एवम नर्सिंग ऑफिसर नीरज कुमारी उपस्थित थे।

# हर्षल को शहीद का दर्जा दिलाने की मांग

## राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री के नाम सम्भागीय आयुक्त को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** राजस्थान राज्य कर्मचारी सयुंक्त महासंघ लोकतांत्रिक के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामरतन सामरिया के नेतृत्व मे मृतक हर्षल मेघवाल को शहीद का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, राजस्थान के मुख्यमंत्री आदि के नाम का ज्ञापन संभागीय आयुक्त को सौपा गया।

कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामरतन सामरिया ने बताया गत 5अगस्त को ग्राम रामराजपुरा पोस्ट मानसगाव तहसील लाडपुरा जिला कोटा के मानसगाव खाल मे पानी के तेज बहाव मे 14 वर्षीय पंकज सुमन पानी मे डूब रहा था। इसी दौरान कक्षा 12 में पढ़ने वाले 19 वर्षीय हर्षल मेघवाल ने हिम्मत व सहास दिखाकर मानवता का परिचय देते हुए पंकज को बचाने के लिए तेज बहाव पानी मे कूद गया और पंकज को तो बचा लिया परन्तु स्वयं पानी मे बह गया।

उन्होंने बताया कि मौके पर पटवारी हेमलता ने पहुचकर तुरन्त रेस्क्यू टीम बुलाई लेकिन अगले दिन 6 अगस्त को ही हर्षल का शव मिला। उसी दिन एमबीएस अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिवारजनो ने मानवता का परचिय देते हुए न कोई आन्दोलन किया न प्रदर्शन किया, लाश को घर ले जाकर दाहसंस्कार किया। जिला प्रशासन व सरकार पर विश्वास करते हुए कि मृतक को न्याय मिलेगा परन्तु अभी तक मृतक को किसी भी प्रकार जिला प्रशासन से न्याय नहीं मिला। इसलिए हम उक्तजनों के नाम ज्ञापन देकर मांग करते हैं कि हर्षल को शहीद का दर्जा दिया जाए। इस दौरान अब्दुल मन्नान, गोपाल मीणा, सीताराम शर्मा, वार्ड पार्षद नरेंद्र केथोलिया, सुखलाल मीणा, प्रेमशंकर मीणा, सुरेश मेहरा, अजय सिंह, तीरथ शर्मा, लेखराज महावर आदि भी मौजूद रहे।

# न्युवोको ने कौशल विकास कार्यक्रम किया शुरू



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड क्षमता के हिसाब से भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने निम्बाहेड़ा में असंगठित चिनाई क्षेत्र को लाभ पहुंचाने के लिए न्युवो मेसन रेडी मिक्स कॉन्क्रीट एक चिनाई कौशल विकास कार्यक्रम का पहला बैच लॉन्च किया। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने ये प्रोग्राम अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी पहल के हिस्से के रूप में शुरू किया है। न्युवो मेसन एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य चिनाई कौशल को बढ़ाना, श्रमिकों को सशक्त बनाना और उनके लिए आय बढ़ाने के नए अवसर पैदा करना है। 25 प्रतिभागियों के पहले बैच को न्युवो मेसन प्रशिक्षण सेंटर में रेडी-मिक्स कॉन्क्रीट पर व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा। शहरीकरण और सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन प्रक्रियाओं द्वारा संचालित भारत में आरएमसी की बढ़ती मांग के साथ, प्रोग्राम मॉडर्न कंस्ट्रक्शन के लिए आवश्यक स्थिरता, दक्षता और कचरे में कमी जैसे प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसमें लगभग 300 घंटे का थ्योरी आधारित और प्रेक्टिकल प्रशिक्षण शामिल है, जो डेकोरेटिव कॉन्क्रीट के काम में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है। कार्यक्रम का उद्घाटन न्युवोको के चित्तौड़ सीमेंट प्लांट के प्लांट हेड जीतेंद्र जैन ने आइडियल संस्थान, प्लांट के अधिकारियों तथा स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ किया। जीतेंद्र जैन ने इस पहल के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि 卐मेसन प्रशिक्षण केंद्र और पहले रेडी मिक्स बैच का शुभारंभ निम्बाहेड़ा के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह पहल स्थानीय युवाओं को निर्माण कौशल से लैस करने, समुदाय को सशक्त बनाने और उनके जीवन की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में मदद करने के लिए चल रहे हमारे निरंतर प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर रूफ टॉप सोलर कनेक्शन की जानकारी हेतु कपासन में आज सोलर जागरूकता शिविर

बढ़ता राजस्थान

**कपासन(नि.स.)।** आमजन में सोलर जागरूकता के प्रसार हेतु बुधवार को कनिष्ठ अभियंता कार्यालय पर सोलर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा।जिसमे आमजन को सोलर कनेक्शन संबंधी जानकारी प्रदान की जायेगी। सहायक अभियंता विद्युत विभाग कपासन मुनीश कावन्त ने बताया कि उपखंड कार्यालय के अधीनस्थ कनिष्ठ अभियंता अविविनिली कपासन शहरी कार्यालय में बुधवार प्रात: 11 से दोपहर 2 बजे तक प्रधानमंत्री सुर्यघर रूफ टॉप सोलर कनेक्शन संबंधित जानकारी तथा सब्सिडी में ऑनग्रिड सौर ऊर्जा प्लांट लगवाने हेतु जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा आमजन में सोलर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोलर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे विद्युत विभाग के सहायक अभियंता,कनिष्ठ अभियंता एवं सोलर वेंडर उपस्थित रहेंगे।उपभोक्ता शिविर में उपस्थित होकर सोलर कनेक्शन संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त कर आवेदन दर्ज करवा सकते है।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# ‘राइजिंग राजस्थान’ समिट की तैयारियों के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक

# ‘राइजिंग राजस्थान’ से खुलेगा विकसित राजस्थान का द्वार, प्रदेश के कई क्षेत्रों में निवेश को मिलेगी गति : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। 9 से 11 दिसंबर को आयोजित हो रही ‘राइजिंग राजस्थान’ समिट प्रदेश में निवेश के नए द्वार खोलेगी। उन्होंने कहा कि समिट के माध्यम से निवेशकों को ना केवल प्रदेश की औद्योगिक विकास क्षमता से रूबरू होने का अवसर मिलेगा अपितु वे विकसित राजस्थान की यात्रा में मजबूत साझेदार बन सकेंगे।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में ‘राइजिंग राजस्थान’ समिट की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि समिट में निवेश के लिए भाग लेने वाले प्रतिभागी देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाए। रोड-शो एवं अन्य निवेश संबंधी गतिविधियों के संदर्भ में सामंजस्य स्थापित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त भी किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक निवेश का बेहतर माहौल सुनिश्चित करने के लिए हर संभव पहल कर रही है और इसी क्रम में यह समिट प्रदेश के विकास के साथ रोजगार के भरपूर अवसर सृजित करेगी। इस इन्वेस्टमेंट समिट का उद्देश्य देशी-विदेशी कंपनियों, अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना है।

**साउथ कोरिया और जापान में रोड-शो, निवेशकों के साथ बैठक :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ‘राइजिंग राजस्थान’ समिट में बड़े निवेशकों को लाने के लिए राज्य सरकार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निवेशक रोड-शो का आयोजन करने जा रही है। इसी क्रम में 9 से 10 सितंबर को साउथ कोरिया एवं 11 से 13 सितंबर तक जापान में रोड-शो, वन-टू-वन मीटिंग एवं एमओयू कर इन्फ्रास्ट्रक्चर, केमिकल्स, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रोनिक्स एवं खाद्य प्रसंस्करण आदि के संबंध में निवेश करने के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साउथ कोरिया के सियोल में 9 सितम्बर को टूरिज्म रोड-शो का आयोजन किया जाएगा।

साथ ही, 10 सितम्बर को कोरिया स्टोन एसोसिएशन के साथ राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस की जाएगी। शर्मा ने बताया कि 11 से 13 सितम्बर की अवधि में जापान के टोक्यो में रोड-शो, नीमराना-डे सेलेब्रेशन एवं कॉर्पोरेट कंपनीज के साथ मीटिंग का आयोजन किया जाएगा।



### प्रचुर प्राकृतिक संसाधन प्रदेश के लिए वरदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, जिससे प्रदेश की आर्थिक तस्वीर बदल जाएगी। यहां सौर ऊर्जा, पर्यटन, वन्यजीव, मिनरल्स एवं औद्योगिक गतिविधियों के लिए वृहद् भूमि एवं संसाधन की उपलब्धता प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं की ओर द्वार खोलती है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे, जयपुर मैट्रो, ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरीडोर (डीएमआईसी) और वेस्ट्रन फ्रेट कॉरीडोर जैसी इंफ्रास्ट्रक्चर की बड़ी परियोजनाएं यहां निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवा रही है।

### ‘राइजिंग राजस्थान’ बनेगा ‘रोल मॉडल समिट’

शर्मा ने कहा वाइब्रेंट गुजरात एवं उत्तरप्रदेश इन्वेस्टर्स समिट की तर्ज पर आयोजित हो रहा राइजिंग राजस्थान को ‘रोल मॉडल समिट’ बनाने के लिए अधिकारी हर संभव प्रयास करें। एक कार्ययोजना के तहत सभी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राइजिंग राजस्थान समिट के सफल आयोजन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, प्रबन्ध निदेशक रीको शिवप्रसाद नकाते सहित उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

### दिल्ली में आयोजित होगा रोड-शो

**शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान’ के तहत राज्य सरकार देश और विदेश के विभिन्न शहरों में निवेशक रोड शो आयोजित कर रही है, ताकि विश्वभर के निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया जा सके। इस माह के अंत में राज्य सरकार दिल्ली में निवेशक रोड-शो का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दिल्ली में कार्यरत सभी उद्यमियों से संपर्क कर उन्हें अधिक से अधिक संख्या में आयोजन के लिए आमंत्रित करें। शर्मा ने कहा कि अधिकारी प्रवासी राजस्थानी उद्योगपतियों से भी समन्वय स्थापित कर उन्हें निवेश संबंधी सभी आयोजनों से जोड़ना सुनिश्चित करें।**

## 11 आरएएस अफसर आरएएस बने

### गहलोत के ओएसडी रहे देवाराम सैनी, पायलट के एसए रहे आकाश तोमर सहित 11 अफसर प्रमोट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रदेश के 11 आरएएस अफसरों को आरएएस में प्रमोट किया गया है। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने इन्हें प्रमोट करने के आदेश जारी कर दिए हैं। प्रमोट किए गए सभी 11 अफसर 1997 बैच के आरएएस हैं। आरएएस से आरएएस बने अफसरों को 2023 की वैकेंसी से प्रमोट किया है, इनका आईएएस में बैच 2023 का होगा। आरएएस बने अफसरों में शाहिद अली खान, आकाश तोमर, अरुण कुमार हसीजा, मनीष गोयल, मातादीन मीणा, कमल राम मीणा, केसर लाल मीणा , हिम्मत सिंह बारहठ, पुरुषोत्तम शर्मा , देवाराम सैनी और अजय असवाल शामिल हैं। इनमें देवाराम सैनी पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रह चुके हैं। शाहिद अली और अजय असवाल गहलोत राज में सीएमओ में संयुक्त सचिव रह चुके हैं। पुरुषोत्तम शर्मा गहलोत सरकार के समय दो साल डीपीआर रह चुके हैं।

पुरुषोत्तम शर्मा अभी सीकर में एडिशनल डिवीजनल कमिश्नर हैं। शर्मा गहलोत राज में सूचना और जनसंपर्क निदेशालय के निदेशक जैसे अहम पद पर रह चुके हैं। शाहिद अली खान अभी एचसीएम, आरआईपीए जयपुर में अतिरिक्त निदेशक हैं। वे इससे पहले गहलोत के मुख्यमंत्री रहते हुए सीएमओ में संयुक्त सचिव रह चुके हैं।

आकाश तोमर अभी अजमेर के एडिशनल डिवीजनल कमिश्नर हैं। तोमर पहले सचिन पायलट के डिप्टी सीएम रहते हुए उनके स्पेशल असिस्टेंट रहे थे, इसके बाद पूर्व परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला के स्पेशल असिस्टेंट भी रहे थे।

अजय असवाल कॉलेज शिक्षा विभाग में एडिशनल कमिश्नर हैं। असवाल 2022 से 2024 तक तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समय सीएमओ के संयुक्त सचिव रह चुके हैं।

## सीबीआई केस में केजरीवाल की हिरासत 11 सितंबर तक बढ़ी

### राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लिया; सीएम को समन जारी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब नीति मामले से जुड़े सीबीआई केस में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 11 सितंबर तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर भी संज्ञान लिया और केजरीवाल को समन जारी किया। सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल, दुर्गेश पाठक, विनोद चौहान, आशीष माथुर, सरथ रेड्डी के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की थी। कोर्ट ने आरोपियों को जवाब दाखिल करने के लिए 11 सितंबर तक का समय दिया है। 27 अगस्त को कोर्ट ने सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। तब केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए थे। सीबीआई ने 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी की मांग की थी, लेकिन अदालत ने एक हफ्ते, यानी 3 सितंबर तक ही हिरासत बढ़ाई थी।

### चार्जशीट में केजरीवाल का नाम मुख्य साजिशकर्ताओं में शामिल्

सीबीआई ने 30 जुलाई को चौथी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें केजरीवाल को आरोपी बनाया गया था। एजेंसी ने आरोप लगाया गया कि केजरीवाल शराब नीति घोटाले में मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक हैं। सीबीआई को राउज एवेन्यू कोर्ट से 23 अगस्त को केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मिली थी।

## केंद्र सरकार ने 23वां लॉ कमीशन गठित किया : 3 साल का कार्यकाल होगा, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज अध्यक्ष और सदस्य होंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 23वें लॉ कामीशन ऑफ इंडिया के गठन को मंजूरी दे दी है। इसका कार्यकाल 1 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2027 तक रहेगा। सोमवार देर रात जारी कानून मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, पैनल में एक पूर्णकालिक अध्यक्ष और सदस्य-सचिव सहित चार पूर्णकालिक सदस्य होंगे। इसमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज इसके अध्यक्ष और सदस्य होंगे। 22वें लॉ पैनल का कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त हो गया था। सरकार ने 22वें कमीशन का गठन 21 फरवरी 2020 को तीन साल के लिए किया था। जस्टिस अवस्थी ने 9 नवंबर 2022 को अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फरवरी 2023 में 22वें इसका कार्यकाल बढ़ा दिया था। स्वतंत्रता के बाद भारत में 1955 में पहला लॉ कमीशन स्थापित किया गया था, तब से 22 आयोग का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इनका काम जटिल कानूनी मसलों पर सरकार को सलाह देना होता

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 9 नक्सली मार गिराए

### दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर 13 घंटे चली मुठभेड़, हथियार-विस्फोटक बरामद

बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर मंगलवार (3 सितंबर) को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 9 नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों ने मारे गए नक्सलियों के शव और एसएलआर राइफल, 303 और 315 बोर राइफल, विस्फोटक बरामद किया है। मुठभेड़ किरंदुल थाना क्षेत्र में बैलाडीला के जंगल में हुई। बताया जा रहा है कि करीब 13 घंटे तक मुठभेड़ चली है। फिलहाल इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। ऑपरेशन में शामिल सभी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। अफसरों के मुताबिक, ज्यादा जानकारी जवानों के लौटने के बाद ही मिलेगी।



### नक्सलियों की सूचना पर रात में रवाना हुए थे जवान

दंतेवाड़ा जिले के SP गौरव राय ने बताया कि, बैलाडींला की पहाड़ियों के नीचे पुरंगेल, लोहा गांव की तरफ पश्चिम बस्तर डिवीजन के माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों को रात में सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। जवान जब नक्सलियों के कोर इलाके में घुसे तो नक्सलियों ने गोलियां बरसाना शुरू कर दिया।

### बीजापुर में विस्फोटक के साथ पकड़े गए 13 नक्सली

बीजापुर जिले में भी पुलिस ने मंगलवार को 13 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए नक्सलियों से विस्फोटक, तीर-धनुष और अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि, डीआरजी, पुलिस और कोबरा बटालियन 202 के जवान संयुक्त रूप से सर्चिंग पर निकले थे। इस दौरान तर्रेम क्षेत्र से इन्हें पकड़ा गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से सरकार नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रही है, हमारे जवान लड़ रहे हैं। हम अपने जवानों की बहादुरी को सलाम करते हैं। अभी 9 नक्सली मारे गए हैं। बहुत जल्द इस राज्य से नक्सलवाद का खात्मा हो जाएगा। वहीं डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, जवानों की भुजाओं की ताकत है, जिसके आगे पूरा बस्तर शांत होने वाला है।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा में एंटी रेप बिल पास

### पीड़ित कोमा में गई या मौत हुई तो दोषी को 10 दिन में फांसी होगी

बढ़ता राजस्थान



**कोलकाता (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल विधानसभा में मंगलवार को एंटी रेप बिल पास हो गया। नए कानून के तहत रेप केस की 21 दिन में जांच पूरी करनी होगी। इसके अलावा पीड़ित के कोमा में जाने या मौत होने पर दोषी को 10 दिन में फांसी की सजा होगी। भाजपा ने भी बिल का समर्थन किया है।

इसे अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक 2024 (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) नाम दिया गया है। अब इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। उसके बाद यह राष्ट्रपति के पास जाएगा। दोनों जगह पास होने के बाद यह कानून बन जाएगा। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8-9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर हुआ था। इसके बाद देशभर में डॉक्टरों और राजनीतिक दलों के प्रदर्शन के बाद ममता बनर्जी ने कहा था कि वो राज्य में रेप जैसे अपराध के लिए सख्त कानून बनाएंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री को भी इसके लिए दो बार चिट्ठी लिखी थी।

## राजस्थान में छात्राओं को मिलेगी केसरिया साइकिल

### ये शौर्य और वीरता की पहचान, देशभक्त यही रंग पहनकर क्रांति करते थे : शिक्षामंत्री

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान मे शिक्षा विभाग स्कूली छात्राओं को मिलने वाली फ्री साइकिल का रंग बदल रहा है। अब प्रदेश में 8 लाख छात्राओं को काले रंग की जगह केसरिया (ऑरेंज) रंग की साइकिल दी जाएगी। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि साइकिल का रंग बदलने का कोई खास उद्देश्य नहीं है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से पहले जब राजस्थान में बीजेपी की सरकार थी। तब भी साइकिल का रंग केसरिया ही था। कांग्रेस ने इसे बदल काला कर दिया था। मदन दिलावर ने कहा- हम फिर से साइकिल का रंग बदलकर केसरिया कर रहे हैं। केसरिया रंग शौर्य और वीरता की पहचान है। जब हमारा देश आजाद हुआ, तब देशभक्त यही रंग पहनकर क्रांति करते थे। अग्नि देवता भी इसी रंग में प्रज्ज्वलित होते हैं। सूर्य भगवान पूरे विश्व को प्रकाश देते हैं। उनका उदय होता है, तब यही रंग होता है। इसी सोच के साथ हमने साइकिल के रंग को बदलकर कल (बुधवार) से केसरिया करने का फैसला किया है।

### कक्षा 9वीं की स्टूडेंट्स को मिलेगी साइकिल

दरअसल, राजस्थान में कक्षा 8वीं पास कर चुकी छात्राओं को 9वीं में एडमिशन लेने पर सरकार द्वारा फ्री साइकिल दी जाती है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी छात्राओं को फ्री साइकिल दी गई। लेकिन तब साइकिल का कलर काले रंग का था। इसे मौजूदा सरकार ने बदलकर केसरिया कर दिया है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने टेंडर भी जारी कर दिया है।

### 15 करोड़ रुपए का बढ़ेगा खर्च

कलर की वजह से इस बार टेंडर की रेट में 15 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। पिछले साल (कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में) 133 करोड़ में काले कलर की साइकिलें खरीदी गईं थीं। प्रति साइकिल 3857 रुपए में खरीदी गई थी। वहीं, इस बार प्रति साइकिल की कीमत में 76 रुपए का इजाफा हुआ है। इसके बाद एक साइकिल की कीमत बढ़कर 3933 रुपए पर पहुंच गई है। इससे सरकार के लगभग 150 करोड़ रुपए से ज्यादा फ्री साइकिल योजना पर खर्च करने होंगे।

## हरियाणा में गोगामेड़ी जा रहे 8 श्रद्धालुओं की मौत : ट्रक ने टाटा मैजिक को टक्कर मारी

नरवाना (एजेंसी)। हरियाणा के जींद में हिसार-चंडीगढ़ हाईवे पर बिधराना गांव के पास सोमवार-मंगलवार रात ट्रक ने आगे चल रहे टाटा मैजिक को टक्कर मार दी। जिससे मैजिक सड़क किनारे गड्ढों में जाकर पलट गया। हादसे में टाटा मैजिक सवार 2 महिलाओं और बच्चे समेत 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। करीब 10 लोग घायल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक कुरुक्षेत्र के मर्चहेड़ी गांव के रहने वाले कुछ लोग सोमवार शाम को टाटा मैजिक में सवार होकर राजस्थान के गोगामेड़ी धाम पर धोक मारने जा रहे थे। रात करीब साढ़े 12 बजे वह बिधराना गांव के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार ट्रक आया। उन्होंने मैजिक को टक्कर मार दी। जिससे मैजिक अनबैलेंस होकर सड़क किनारे गड्ढों में पलट गया।

**टाटा मैजिक के नीचे दबे लोग-** इसके बाद घटनास्थल पर चीक पुकार मच गई। लोग मैजिक के नीचे दब गए। आसपास के वाहनों ने लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन अंधेरा होने की वजह से सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद नरवाना सदर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी गई।



पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो वहां श्रद्धालुओं के बर्तन समेत खाने-पीने का सामान बिखरा हुआ था। वहां लोग खून से लथपथ दर्द से कराह रहे थे। एक बाद एक 7 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। लोगों को तुरंत नरवाना के सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने 7 लोगों को मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की और मौत हो गई।

**मृतकों में ये शामिल-** मृतकों में कुलदीप, गुलजार, सुलोचना, लवली उर्फ सुखदेव, जयपाल, ईशरो उर्फ गुड्डी, ड्राइवर राजबीर और एक बच्चा शामिल है।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  [M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  [M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com